


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 14 अगस्त 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 199 | मूल्य - 5 रुपये









कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड में धूमधाम से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

## कलेक्टर कुमार सत्यम फहराएंगे तिरंगा, लेंगे परेड की सलामी, किया अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय बालाघाट में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड***

ग्राउंड में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कुमार सत्यम होंगे। वे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने 13 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर मुख्य समारोह की तैयारियों एवं परेड की अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे आकर्षण का केंद्र

मुख्य समारोह में ध्वजारोहण एवं परेड की सलामी के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में पुलिस एवं अन्य दलों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा, यातायात, बैठक, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्य समारोह में तिरंगा झण्डा फहराने के पहले प्रातः 09 बजे राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा। प्रातः 09:04 बजे मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कुमार सत्यम द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9:05 बजे राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। परेड निरीक्षण के पश्चात मार्च पास्ट किया जाएगा। प्रातः 9:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे तथा पुरुष्कार वितरण किया जाएगा। प्रातः 11 बजे राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा और इसके पश्चात राष्ट्रगान जन-गण-मन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# एथेनाल पेट्रोल से वाहनों में आ रही खराबी, सरकार पेट्रोल में एथेनॉल मिलाना बंद करे..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***भारत के अंदर एथेनाल मिला पेट्रोल मिल रहा है। जिससे बाईक खराब हो रही है। गाड़ी के इंजन खराब होने के साथ ही एवरेज भी कम मिल रहा है। इससे बाईक चालक परेशान है। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी जिले व प्रदेश में अभियान चला रही है। इस मुद्दे को लेकर 13 अगस्त गुरूवार को आम***

आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल ने स्थानीय सर्किट हाऊस में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि जब शुद्ध पेट्रोल भारत में 50 रूपए लीटर आयात होता है तो सभी टैक्स भी जोड़ा जाए तो 83 से 84 रूपए प्रति लीटर पेट्रोल दिया जाना चाहिए। जबकि एथेनाल मिलाकर जिस तरह पेट्रोल 115-116 रूपए प्रति लीटर पेट्रोल बेचा जा रहा है। इससे आम जनता के ऊपर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। इसके अलावा उनकी गाडियां भी खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने एथेनाल खरीदने अमेरिका से अनुबंध किया है और महंगा पेट्रोल भारतीय नागरिकों को उपलब्ध करा रही है। इस विषय को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक अभियान चलाया है।

### आप नेता शिव जायसवाल एवं रजनीश नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए आरोप..

### एथेनाल को लेकर ऑनलाईन टाऊनहाल मीटिंग में जुड़ने की अपील

टाऊनहाल मीटिंग के माध्यम से 1 अगस्त से अभियान चलाया। इसमें देश के अच्छे मेकेनिक, गाडियों के अनुभवशील विशेष ने अपना अनुभव दिया कि एथेनाल वाले पेट्रोल से गाडियां लगातार खराब हो रही है व एवरेज कम मिल रहा है। गाड़ी चालू होने में दिक्कत कर रही है। इतनी परेशानी के बाद आमजनता को महंगा पेट्रोल मिल रहा है जो पूरी तरह गलत है। इस विषय को आम आदमी पार्टी म.प्र में 14 अगस्त को शाम 4 बजे प्रदेश प्रभारी जितेन्द्रसिंह तोमर के नेतृत्व में टाऊनहाल मीटिंग भोपाल में आहूत कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग में ऑनलाईन जिले के भी सभी गाड़ी के मेकेनिक व विशेषज्ञ एवं बाईक व चौपहिया वाहन चालक जुडक़र अपना सुझाव अनुभव सांझा कर सकते है। इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश व देश भर में अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आप पार्टी के स्टेट कॉडिनेटर रजनीश नायडू, जिला सचिव अनिल ब्रम्हे सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार..

### मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आज बालाघाट आगमन..

#### दूषित पेयजल से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने पहुंचेंगे बिरसा ब्लॉक के ग्राम उकवा, कंडेकसा, बुंदारी और कोरका..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** आदिवासी विकास परिषद के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभम उईके ने जानकारी देते हुएउ बताया कि 14 अगस्त 2026 को मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमंग सिंगार का बालाघाट आगमन हो रहा है। श्री सिंगार दूषित पेयजल से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने के बालाघाट आ रहे हैं, तथा वे बिरसा ब्लॉक के ग्राम उकवा, कंडेकसा, बुंदारी एवं कोरका पहुंचकर प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे। शुभम उईके ने बताया कि उनके द्वारा इस गंभीर विषय को प्रदेश नेतृत्व के संज्ञान में लाने का कार्य किया गया, जिसके बाद उमंग सिंगार जी ने स्वयं प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी पीड़ा जानने का निर्णय लिया है। शुभम उईके ने कहा कि उमंग सिंगार जी के नेतृत्व में पुरे प्रदेश में सरकार के समक्ष प्रभावित परिवारों की आवाज को मजबूती मिलेगी, तथा आदिवासी परिवारों के साथ जरुर न्याय हो सकेगा।

### बालाघाट जिले में सुरक्षा गार्ड एवं सुपर वाइजर के पदों पर भर्ती, 17 अगस्त से रोजगार मेले का आयोजन

**जगप्रेरणा बालाघाट।** जिला रोजगार कार्यालय बालाघाट द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। एसआईएस इंडिया लिमिटेड, सिंगरौली में सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले की शुरुआत 17 अगस्त 2026 से होगी। भर्ती के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदकों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की न्यूनतम ऊंचाई 160 से 170 सेंटीमीटर के बीच निर्धारित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि 17 अगस्त को जनपद पंचायत कार्यालय लालबर्रा में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार कैंप आयोजित होगा। इसके बाद 18 अगस्त को बालाघाट, 19 अगस्त को वारासिवनी, 20 अगस्त को खैरलांजी, 21 अगस्त को कटंगी, 24 अगस्त को परसवाड़ा, 25 अगस्त को लांजी, 27 अगस्त को किरनापुर, 1 सितंबर को बैहर, 2 सितंबर को बिरसा तथा 3 सितंबर 2026 को बालाघाट में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इन रोजगार मेलों में इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। जिला रोजगार कार्यालय ने संबंधित जनपद पंचायतों से रोजगार मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक पात्र युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में शामिल कराने में सहयोग करने की अपील की है। भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी के लिए एसआईएस इंडिया लिमिटेड, सिंगरौली के भर्ती प्रबंधक के मोबाइल नंबर 6261533651 पर संपर्क किया जा सकता है।

### उपसंचालक डॉ. परते को उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाओ का प्रभार

**जगप्रेरणा बालाघाट।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु चिकित्सक डॉ. घनश्याम परते को उपसंचालक के पद पर पदोन्नत कर बालाघाट में पदस्थ किया गया है। डॉ. परते अब उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा बालाघाट का कार्यभार संभालेंगे।

# तिरंगा यात्रा ने जगाया राष्ट्रभक्ति का जज़्बा, विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर दिया राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं जिला स्पोर्ट्स अकादमी बालाघाट के सहयोग से 13 अगस्त को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ हनुमान***

चौक से हुआ। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हनुमान चौक पर आयोजित देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया। कार्यक्रम में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित साक्यवार, उप महानिरीक्षक श्री विनित जैन, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वयंसेवी संस्थाओं, रोटरी क्लब के सदस्यों, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती





सुरजीत ठाकुर, ओबीसी आयोग की सदस्य मौसम बिसेन, किरण भाई त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, प्राचार्यों एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। हनुमान चौक से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा काली पुतली चौक एवं अंबेडकर चौक होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मीबाई, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सहित अनेक महान राष्ट्रनायकों एवं महापुरुषों की झांकियां प्रस्तुत कीं। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से शहर को गुंजायमान कर दिया।

पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों, नारों और उत्साह के बीच तिरंगे के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सामूहिक भागीदारी ने तिरंगा यात्रा को भव्य और यादगार बना दिया। यह यात्रा राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना का जीवंत संदेश बनी।

## बैहर विधानसभा के बिरसा ब्लॉक में बच्चों की मौत का मामला गरमाया..

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने मोहन यादव सरकार और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बैहर विधानसभा क्षेत्र के बैगा आदिवासी बाहुल्य गांवों में बच्चों की मौत का मामला अब राजनीतिक बहस का केंद्र बनता जा रहा है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं बैहर विधायक***

संजय उइके ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दावा किया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अब तक 18 से 19 बच्चों की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन वास्तविक आंकड़ों को सामने लाने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। प्रेस वार्ता में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, श्याम पंजवानी, दयाल वासनिक और दिनेश धुर्वे भी मौजूद रहे। विधायक संजय उइके ने कहा कि बैहर विधानसभा क्षेत्र में करीब 40 गांव बैगा आदिवासी बाहुल्य हैं, जहां आज भी स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। संजय उइके ने आरोप लगाया कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। ग्रामीणों को समय पर उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाने के कारण गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की मौत के मामले में प्रशासन द्वारा स्पष्ट जानकारी सामने नहीं रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जातीं, तो कई मासूमों की जान बचाई जा सकती थी। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से बच्चों की मौत के पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाना चाहिए तथा प्रभावित परिवारों को उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आदिवासी अंचलों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। दूरस्थ गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सकीय संसाधनों और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बच्चों की मौत के मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया और वास्तविक स्थिति सामने नहीं लाई गई, तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर जन आंदोलन शुरू करेगी। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने और बच्चों की मौत के कारणों की पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। हालांकि, प्रेस वार्ता में लगाए गए बच्चों की मौत के आंकड़ों और प्रशासन द्वारा कथित तौर पर आंकड़े छिपाने के आरोपों की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि अभी सामने नहीं आई है।

# 127 मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं का 16 अगस्त को होगा समारोहपूर्वक सम्मान

## मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा किया गया अंजुमन शादी हॉल में आयोजन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी, बालाघाट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह 16 अगस्त 2026, रविवार को दोपहर 2 बजे अंजुमन शादी हॉल, बालाघाट में आयोजित होगा। समारोह में वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 127 मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुसार इस वर्ष सम्मान के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं सहज बनाया गया था। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई थी। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किया जाना समाज में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। सोसायटी का मानना है कि ऐसे आयोजन केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। सोसायटी ने सभी चयनित विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अपने माता-पिता के साथ निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर सम्मान ग्रहण करें।

### पिछले वर्ष 78 विद्यार्थियों का हुआ था सम्मान

सोसायटी के अध्यक्ष आदिल खान पटेल ने बताया कि पिछले वर्ष 78 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 127 हो गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति बढ़ती गंभीरता और जागरूकता का प्रमाण है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट परिणाम हासिल करना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। सोसायटी भविष्य में भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

### 15 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

अदिल खान पटेल ने बताया कि मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा 15 नवंबर 2026 को मुस्लिम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। वर्ष 2011 से लगातार आयोजित हो रहे इस सामाजिक कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक परिवार सोसायटी के पदाधिकारियों से संपर्क कर आवेदन एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य सरपरस्त सूफी अब्दुल हमीद साबरी, हाजी अब्दुल कादिर, हाजी फारूक भाई (स्टोन क्रेशर), सदर आदिल खान (कोसमी), सचिव मोहम्मद आसीफ शेख, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सोहेल एजाज, सदस्य मोहम्मद रियाज गनी, सोनू मदार, आसिफ राईन (पप्पू भाई), इकबाल कुरैशी, फिरोज खान, तफीम भाई, अकबर भाई, समी अहमद, डॉ. शकील खान, आमीन शेख (अम्मू भाई), शेख पीर मोहम्मद, शेख शमीम, रईस अंसारी, अहमद खान, नईम भाटी, खालिद भाई, साजिद भाई (सज्जू भाई), मोहम्मद शाहिद, ओवेश रजा, नफीस खान (वारासिवनी), भूरू भाई (कोसमी), कलाम कुरैशी, प्रवक्ता रहीम खान एवं मोहम्मद इमरान कुरैशी तथा अन्य सहयोगी अमजद खान (भिमजोरी), एजाज अली (बैहर), सिराज अख्तर (बैहर), सफी भाई (कायदी) ने समस्त मुस्लिम समाज से उपस्थिति की अपील की है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# किसान कांग्रेस ने सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन






जगप्रेरणा सिवनी।

*जिला किसान कांग्रेस नेता, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं मूल्य पुनः निर्धारण*

धान फसल पर भावांतर योजना ना लागू कर हमेशा की तरह समर्थन मूल्य पर खरीदी एवं मूल्य का पुनः निर्धारण हेतु जिले के किसानों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में लेख किया गया है कि खरीफ कृषि वर्ष 2026 के लिए भारत सरकार द्वारा खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य 13 मई 2026 को जारी किया गया था। जिसमें एम एस पी पर बहुत ही कम वृद्धि की गई है। श्री सनोडिया ने आगे लिखा है कि समर्थन मूल्य जारी करने के बाद मई माह के अंतिम सप्ताह में रासायनिक खाद के मूल्य 40त्न तक बढ़ा दिया गया, डीजल के दाम 8 रुपए लीटर बढ़ गया और मनरेगा योजना बंद कर 1 जुलाई से जी राम जी योजना के तहत मजदूरी की नयी बढ़ी हुई दरें लागू होने से मजदूरी भी बढ़ गई है।

जिससे किसानों की लागत लगभग 4000 रुपए एकड़ बढ़ गई है, इन बढ़ी हुई कीमतों की भरपाई के लिए समर्थन मूल्य खरीफ 2026 को बढ़ी हुई कृषि लागत के आधार पर पुनः मूल्य जारी किया जाने की मांग की है , साथ ही मा प्रधानमंत्री जी से मांग है कि प्रतिवर्ष सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जाता है, परन्तु अभी - अभी मध्यप्रदेश सरकार कह रही है कि मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी ना करते हुए भावांतर दिया जाएगा, भावांतर योजना से किसानों को समर्थन मूल्य के बराबर कीमत नहीं मिलती है और किसानों को आर्थिक नुकसान होता है।

किसानों के साथ श्री घनश्याम सनोडिया जिला पंचायत सदस्य ने निवेदन किया है कि किसान हित में खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि और धान खरीदी समर्थन मूल्य पर कराने हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें। ज्ञापन देने जीतेन्द्र सनोडिया, अरुण साहू, ओमराम चंद्रवंशी, संतोष सनोडिया, राकेश सनोडिया, भूरा बघेल, रोहित चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी, गोपाल बघेल सहित अनेक किसानों की उपस्थिति रही।

# अवैध रूप से संचालित बूचड़खाने पर कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई..

## 04 नग मवेशी सुरक्षित मुक्त कराए गए, 04 आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशों के परिपालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा **SDOP** चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में गौवंश तस्करी एवं अवैध बूचड़खानों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 12.08.2026 कोतवाली पुलिस ने हड्डी गोदाम, सिवनी क्षेत्र में संचालित एक अवैध बूचड़खाने पर छापामार कार्रवाई करते हुए 04 नग मवेशियों को क्रूरता से मुक्त कराया एवं 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

विश्वसनीय सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने हड्डी गोदाम स्थित अरबाज खान के स्लाटर हाउस के पास रैय्यान कुरैशी के मकान के बरामदे में दबिश दी। मौके पर भैंस के पाड़े का कटा हुआ मांस, 04 नग पैर-खुर-चमड़ी सहित, कलेजा, लकड़ी का गुटका, लोहे का बका, छुरी एवं तौल-कांटा रखा पाया गया।

मौके पर 04 व्यक्ति मांस काटते एवं बेचते मिले। पूछताछ पर उनकी पहचान अरबाज कुरैशी, रैय्यान कुरैशी, हनीफकुरैशी एवं इस्माईल खान के रूप में हुई।

रैय्यान कुरैशी के मकान के बाजू में अरबाज कुरैशी के अस्थायी बूचड़खाने में 01 भैंस एवं 03 पाड़े रस्सी से क्रुरता पूर्वक बंधे मिले। उनके लिए चारा, भूसा एवं पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। आरोपियों से वैध लाइसेंस मांगे जाने पर वे प्रस्तुत नहीं कर सके।

पशु चिकित्सक एवं नगर पालिका दल को मौके पर बुलाया गया। जांच में पाया गया कि आरोपी रहवासी क्षेत्र में खुले स्थान पर बिना ढके मांस रखकर विक्रय कर रहे थे, जिससे संक्रमण फैलने एवं आमजन में दहशत की संभावना थी।

### जप्ती एवं कार्रवाई..

04 नग मवेशी - 01 भैंस, 03 पाड़ा - जप्त कर गौशाला में सुरक्षित रखवाए गए, 40 किलो मांस - संक्रमण की आशंका पर विधिवत नष्टीकरण किया गया, तौल कांटा, लोहे का बका, छुरी, लकड़ी का गुटका एवं नगदी 500/- रुपये जप्त। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 325, 270 **BNS**,धारा 11(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं धारा 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### गिरफ्तार आरोपी..

अरबाज कुरैशी पिता कयूम कुरैशी, उम्र 27 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, भगत सिंह वार्ड, सिवनी, रैय्यान कुरैशी पिता अयूब कुरैशी, उम्र 27 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, भगत सिंह वार्ड, सिवनी, हनीफकुरैशी पिता मोह. याकूब कुरैशी, उम्र 48 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, भगत सिंह वार्ड, सिवनी, इस्माईल खान पिता जमील खान, उम्र 48 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, सिवनी, हाल बोरीकला, बरघाट

### सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि. नरेन्द्र उपाध्याय, प्र.आर. मुकेश गोंडाने, संतोष साहू, आर. प्रतीक बघेल, आर. पारस तुरकर, महिला आर. निशा वर्मा एवं सैनिक वकील खान की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'गौवंश की सुरक्षा एवं अवैध बूचड़खानों के विरुद्ध सिवनी पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।'

# सूने मकान में चोरी करने वाला 01 विधि विवादित किशोर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में..

## चोरी का सोने का मंगलसूत्र बरामद, भेजा गया बाल संप्रेक्षण..



जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं SDOP सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में*

चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु कोतवाली पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने सूने मकान में हुई चोरी की घटना का त्वरित खुलासा कर 01 विधि विवादित किशोर को अभिरक्षा में लिया है। दिनांक 11.08.2026 को प्रार्थिया श्रीमती राधा शुक्ला पति महेश शुक्ला, निवासी ललमटिया, मंगलीपेठ सिवनी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 10.08.2026 को सुबह 09:30 बजे से शाम 05:30 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर आलमारी के लॉकर में रखे सोने का मंगलसूत्र एवं नकदी 3000/- रुपये चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 178/2026, धारा 331(3), 30 **(A) BNS** का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई। घटना स्थल के आसपास पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। विवेचना के दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 01 विधि विवादित किशोर, उम्र 15 वर्ष की पहचान हुई।

पूछताछ में किशोर ने घटना करना एवं चोरी के रुपये खर्च करना स्वीकार किया। उसके कब्जे से चोरी किया गया 01 सोने का मंगलसूत्र, कीमती 75,000/- रुपये विधिवत जप्त किया गया।

विधि विवादित किशोर को अभिरक्षा में लेकर माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। **जप्ती**- 01 सोने का मंगलसूत्र - कीमती 75,000/- रुपये।

### सराहनीय भूमिका..

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सतीश तिवारी, प्र.आर. नवीन तिवारी, आर. अजेन्द्र पाल एवं आर. पंकज सोलंकी की विशेष भूमिका रही।

# 'उल्लास-एक अभिनव प्रयोग' कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय परिसर सिवनी में विविध गतिविधियों का आयोजन







जगप्रेरणा सिवनी।

*माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी 'उल्लासः एक अभिनव प्रयोग' संबंधी एडवाजरी फ्रेमवर्क के अनुपालन में दिनांक*

13.08.2026 से 15.08.2026 तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तारतम्य में आज दिनांक 13.08.2026 को न्यायालय परिसर सिवनी में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के बीच स्वस्थ, सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण कार्य वातावरण को बढ़ावा देना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में समस्त माननीय न्यायाधीशगणों एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'उल्लास' कार्यक्रम के माध्यम से न्यायालय परिवार में आपसी सहयोग, टीम भावना, सकारात्मक कार्य वातावरण एवं संस्थागत सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आयोजन को सफल बनाया।

# चौरसिया दिवस के रूप में 17 अगस्त को मनाया जायेगा नाम पंचमी का पर्व

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433




जगप्रेरणा सिवनी।

*प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महिला चौरसिया समिति के तत्वधान में नाम पंचमी का पर्व चौरसिया दिवस के रूप में आगामी 17 अगस्त सोमवार को मनाया जायेगा।*

इस अवसर पर पूर्व दिवस 16 अगस्त रविवार को गिरजा कुंड से डोमन गुरू बाबा मंदिर तक सामाजिक रैली दोपहर 12.30 बजे निकाली जावेगी। इसी दिन दोपहर 03 बजे से शाम 05 बजे तक चौरसिया भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स मान समारोह का आयोजन भी संपन्न होगा। चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद चौरसिया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 17 अगस्त को नाग पंचमी पर्व के अवसर पर चौरसिया मंगल भवन राधाकृष्ण नगरी रेल्वे क्रासिंग बरघाट रोड सिवनी में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रूद्र अभिषेक, पूजन, हवन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा, तो वहीं दोपहर 1.30 बजे से शाम 5 बजे तक सामाजिक भोज का कार्यक्रम रखा गया है। चौरसिया समाज के अध्यक्ष मूलचंद चौरसिया एवं महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी नंदकिशोर चौरसिया के द्वारा समस्त चौरसिया समाज के बंधुओं से नाग पंचमी पर्व के दिन 17 अगस्त को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर सामाजिक एकता का परिचय देने का आग्रह किया गया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रातः 8 बजे होगा ध्वजारोहण

जगप्रेरणा सिवनी।

प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा 15 अगस्त 2026, दिन शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का समारोह के अवसर पर प्रातः 8 बजे, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय इंदिरा-भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित शुभकामना संदेश का वाचन नरेश मरावी द्वारा किया जाएगा।जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफ खान ने जिला कांग्रेस, कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व विधायक गण, नगर ब्लॉक कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण, वरिष्ठ कांग्रेस जन, जिला कांग्रेस सेवादल, जिला महिला कांग्रेस, जिला युवा कांग्रेस, जिला भा. रा. छात्रसंगठन, मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला, जनपद, एवं नगरपालिका के निर्वाचिन जनप्रतिनिधि गण, जिला सोशल मीडिया के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित समस्त कांग्रेस जनों से निर्धारित समय पर उपस्थिति हेतु अपील की है। उक्ताश्य की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

# तिरंगा अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली..



जगप्रेरणा सिवनी।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल, सिवनी के एनसीसी कैडेट्स द्वारा 24 मप्र एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पी. के. वेलु के निर्देशन में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में 30 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शंकराचार्य चौक एवं शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी भवन पहुंची और पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। इस दौरान कैडेट्स ने 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम' के नारों से वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया।रैली विद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना एन. तिवारी एवं डायरेक्टर जनक तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इस अवसर पर संतोष चौबे, मनीष ÷मोनू÷ मिश्रा, एनसीसी सेकंड ऑफिसर मधुर प्यासी एवं एक्स-आर्मी कमांडो मनोज कुमार यादव सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय ने दिया पुनः अवसर

## बी-एस. सी. (प्रथम वर्ष) के एनालिटिकल केमिस्ट्री पेपर की पुनः परीक्षा 19 अगस्त को..

जगप्रेरणा सिवनी।

*पिछले दिनों संशोधित समय-सारणी की जानकारी के अभाव में परीक्षा से वंचित हुए परीक्षार्थियों के हित में विश्वविद्यालय ने संवेदनशील निर्णय लेकर पुनः परीक्षा कराने की घोषणा कर दी है.*

बीएससी प्रथम वर्ष पुराने पाठ्यक्रम के मेजर- द्वितीय/ माईनर/ जीईसी -एनालिटिकल केमिस्ट्री के प्रश्नपत्र की परीक्षा में संशोधित समय-सारणी की जानकारी के अभाव के कारण परीक्षा से वंचित रह गए विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने उक्त प्रश्नपत्र की पुनः परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार परीक्षा 19 अगस्त 2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि 7 अगस्त 2026 को आयोजित बीएससी प्रथम वर्ष पुराने पाठ्यक्रम के मेजर- द्वितीय/ माईनर/ जीईसी-एनालिटिकल केमिस्ट्री के प्रश्नपत्र की परीक्षा में संशोधित समय-सारणी की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण कई परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके थे।

विद्यार्थियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय ने उनके भविष्य को ध्यान में रखा और उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने का पुनः अवसर प्रदान किया है।

विश्वविद्यालय के इस निर्णय से प्रभावित विद्यार्थियों में राहत और संतोष का वातावरण है। यह निर्णय विद्यार्थियों के हितों के प्रति विश्वविद्यालय की संवेदनशीलता और उनकी शैक्षणिक प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने प्रभावित सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे 19 अगस्त 2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित **Re-E&am** में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

परीक्षार्थी परीक्षा से संबंधित संशोधित समय-सारणी एवं आवश्यक निर्देशों की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें, ताकि पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आज शाम जिला कांग्रेस का मार्च एवं सत्याग्रह..

जगप्रेरणा सिवनी।

विगत 8 अगस्त को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उतराखंड के हल्दवानी रामलीला मैदान में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित किया, जिससे बौखलाकर भाजपा तथा उनके समर्थित संगठनों ने उसी मंच पर वैदिकमंत्रोच्चार और यज्ञ कर शुद्धिकरण कार्यक्रम यह कहकर किया की श्री खड़गे के यहाॅ पर भाषण देने से यह स्थान अपवित्र हो गया है।

भाजपा के इस कृत्य से उनकी दलित विरोधी, सामाजिक भेदभाव और सर्कीण मानसिकता को दर्शाता है भाजपा को दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग का वोट तो चाहिये लेकिन उनका सम्मान स्वीकार्य नहीं। भाजपा का दलित विरोधी चेहरा उजागर हुआ है साथ ही उन्होंने सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान किया है। बीजेपी के इस दलित विरोधी कृत्य के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2026, दिन शुक्रवार को शाम 4 बजे इंदिरा भवन कार्यालय से डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर प्रतिमा तक मार्च एवं सत्याग्रह का आयोजन किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला कांग्रेस, कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व विधायक गण, नगर ब्लॉक कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण, वरिष्ठ कांग्रेस जन, जिला कांग्रेस सेवादल, जिला महिला कांग्रेस, जिला युवा कांग्रेस, जिला भा.रा.छात्रसंगठन,मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला, जनपद, एवं नगरपालिका के निर्वाचिन जनप्रतिनिधि गण, जिला सोशल मीडिया के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित समस्त कांग्रेस जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अपील की है। उक्ताश्य की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

**विज्ञापन आमंत्रित है..**

संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा

वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..

रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..





**विज्ञापन आमंत्रित है..**

संपर्क - मो. 9329033433


# प्रेम जाल में फांसकर फिर शोषण कर सरंडी के संतोष ठाकरे ने की थी खमरिया की खुशबु की गला रेतकर हत्या..

### खुशबु के साथ दुष्कर्म मामले में थे आरोपी, विवाहित पत्नी को भी धोखा देकर हत्या कर फरार आरोपी को वारासिवनी पुलिस ने धर दबोचा..





**कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।**

विवाहपूर्वक किसी भी युवक के साथ किसी भी तरह से प्रेम जाल में फंसना अनेक मर्तबा युवतियों के जीवन को बर्बाद कर जाता है, तथा भारत देश में सर्वाधिक इस तरह के मामले सामने आते हैं, जिससे कि अब प्रेम जाल में युवाओं के बहकावे से आने से युवतियों को बचने की जरुरत है, तथा अच्छा होगा कि आज के दौर की युवतियां अपना अच्छा कैरियर बनाने की ओर ध्यान दे, अन्यथा युवती की कमजोर परिस्थितियों का अपराधी किस्म के युवक फायदा उठा सकते हैं, जैसा कि वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर स्थित ग्राम खमरिया की खुशबु डहरवाल के साथ हुआ, जिसमें आरोपी ने पहले उसे प्रेम जाल में फंसाया, फिर उसके साथ संबंध भी बनाए, उसके बाद उसे धोखा देकर अन्यत्र विवाह भी कर लिया, तब युवती ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी, और बाद में फिर बदला लेने के लिये आरोपी प्रेमी ने अपनी विवाहिता पत्नी को भी धोखा देते हुए और उसका भी जीवन बर्बाद करते हुए प्रेमीका की भी हत्या कर दी, और इस तरह से प्रेम भंवर में फंसे मामले का दुखद एवं शर्मनाक अंत हो गया।

### क्या है मामला..

प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 अगस्त 2026 को वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव पुलिया के पास नहर में खमरिया ग्राम की निवासी युवती खुशबु डहरवाल का शव मिला था।

इस मामले में शव की जांच करने पर उसका गला धारदार ब्लेड से रेता जाना पाया गया था, वहीं ग्राम खमरिया में जहां घटना पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चकाजाम और प्रदर्शन किया था, वहीं कलार समाज द्वारा भी मामले में ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की एवं आरोपी को फांसी की सजा दिये जाने की मांग की गई थी। इस मामले में वारासिवनी पुलिस ने अपराध क्रमांक 292/2026 के तहत धारा 103(1), 351(3) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मृतिका के चचेरे भाई ने ग्राम सरंडी निवासी संतोष ठाकरे (25) पर संदेह जताया। लगातार आरोपी की खोजबीन में प्रयास किये, और आखिरकार पुलिस ने आरोपी संतोष ठाकरे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सरंडी, थाना वारासिवनी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की मारुति डिजायर कार एवं आरोपी के रक्तरंजित कपड़े तथा मृतिका के कपड़े और बैग तथा मृतिका का पहचान पत्र एवं अन्य सामान व हत्या में प्रयुक्त ब्लेड को भी पुलिस ने आरोपी से जब्त कर लिया है, तथा आगे की विवेचना की जा रही है।

### प्रेम प्रसंग के बाद विवाद, राजीनामे का बना रहा था दबाव

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका से उसका प्रेम प्रसंग था। बाद में आरोपी ने दूसरी महिला से विवाह कर लिया था। इसके बाद मृतिका ने उसके खिलाफ महिला थाना, जिला सिवनी में दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी इस मामले में मृतिका पर राजीनामा करने का दबाव बना रहा था, लेकिन वह राजीनामा करने को तैयार नहीं थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने उसकी हत्या की योजना बनाई। आरोपी के अनुसार वह 31 जुलाई को मृतिका को नागपुर से अपने साथ लेकर निकला था। इस दौरान दोनों नागपुर, इटारसी और छिंदवाड़ा में रहे। इसके बाद 4 अगस्त को आरोपी ने कार में ही ब्लेड से मृतिका का गला काटकर उसकी हत्या कर दी और शव को कायदी के पास नहर में फेंक दिया। हत्या के बाद आरोपी ने वारदात में प्रयुक्त कार को गोंदिया रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ा किया और वहां से नागपुर एवं दुर्ग की ओर फरार हो गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने गोंदिया रेलवे स्टेशन की पार्किंग से वारदात में प्रयुक्त मारुति डिजायर कार और अन्य सामग्री भी जब्त कर ली।

# शेर के हमलों पर विधायक मधु भाऊ भगत ने वन विभाग से मांगी जवाबदेही

### बैगा आदिवासियों के समर्थन में बयान पर बोले - 'जल, जंगल, जमीन के असली मालिकों के हितों की रक्षा मेरा कर्तव्य'..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में वन्य प्राणियों के हमलों और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर विधायक मधु भाऊ भगत ने वन विभाग से जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने 10 अगस्त 2026 को डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट, भोपाल को पत्र भेजकर पिछले पांच वर्षों में वन्य प्राणियों से संबंधित घटनाओं, शासन द्वारा किए गए खर्च तथा सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में शेर के हमले में महिला के घायल होने तथा लगातार वन्य प्राणियों के हमलों से मानव जीवन संकट में है। उन्होंने कहा कि यदि वन क्षेत्रों में वन्य प्राणियों को पर्याप्त शिकार उपलब्ध नहीं होगा तो उनके आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आने की आशंका बनी रहेगी। ऐसे में वन्य प्राणी संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी वन विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

मधु भगत ने वन विभाग से पिछले पांच वर्षों में बालाघाट जिले में वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए आवंटित राशि का वर्षवार विवरण मांगा है। उन्होंने यह भी जानकारी मांगी है कि वन्य प्राणियों के हमलों में कितने नागरिक घायल हुए, कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से कितनी सहायता राशि दी गई और उसका भुगतान कब किया गया। विधायक ने वन्य प्राणियों के लिए जंगल में पर्याप्त शिकार उपलब्ध कराने, उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों में आने से रोकने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के लिए विभाग द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा भी मांगा है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में इन उपायों पर खर्च की गई राशि की जानकारी देने को कहा है।

उन्होंने संरक्षित वन क्षेत्रों की बाउंड्रीवाल, फेंसिंग तथा वन्य प्राणियों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए किए गए अन्य कार्यों की जानकारी भी मांगी है। विधायक ने सुझाव दिया कि वन्य प्राणियों को जंगल से बाहर आने से रोकने के लिए 15 फीट ऊंची पक्की लोहे की जाली तथा उसके नीचे सीमेंटेड बेस बनाया जाना चाहिए।

### 'बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे'

बैगा आदिवासियों के समर्थन में दिए गए अपने बयान को लेकर उठ रही चर्चाओं पर विधायक मधु भाऊ भगत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनके बयान को बीमार और कुंठाग्रस्त मानसिकता वाले लोग तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं। भगत ने कहा कि ÷अगर जल, जमीन और जंगल के असली मालिक आदिवासी वर्ग के समर्थन में बयान देना गुनाह है, तो वह यह गुनाह बार-बार करेंगे।÷

उन्होंने कहा कि उन्हें चुनाव जिताने में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और वे अपने क्षेत्र के लोगों के हितों की आवाज उठाने के लिए जनप्रतिनिधि बने हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ÷मुझे इस वर्ग ने चुनाव जिताया है, शेर ने नहीं। इसलिए इस वर्ग के हितों की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।÷

विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना उनकी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने वन्य प्राणियों के संरक्षण और मानव जीवन की सुरक्षा के बीच संतुलन कायम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत बताई। उनके पत्र से वन्यजीव संरक्षण पर किए जा रहे सरकारी खर्च और मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के उपायों को लेकर विभागीय जवाबदेही का मुद्दा सामने आया है।

# मूकमाटी इंटरसिटी एक्सप्रेस और जबलपुर - चांदाफोर्ट ट्रेन का लामता स्टेशन पर स्टॉपेज देने की मांग..

### जबलपुर - चांदाफोर्ट - रायपुर सीधी ट्रेन सेवा की आस धुंधली, क्षेत्र के करीब 150 गांवों को हो रही परेशानी




**जगप्रेरणा लामता।**

लामता रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग लंबे समय से क्षेत्रीय जनता द्वारा की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और रेलवे अधिकारियों द्वारा इस ओर अब तक कोई ठोस पहल नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने मूकमाटी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन तथा जबलपुरङ्कचांदाफोर्ट ट्रेन का लामता स्टेशन पर स्टॉपेज देने की मांग की है।

लामता स्टेशन बालाघाट और नैनपुर के मध्य स्थित है। यहां एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होने से बैहर, परसवाड़ा, चांगोटोला, उगली (सिवनी), चरेगांव सहित करीब 150 गांवों के यात्रियों को सीधा लाभ मिल सकता है। क्षेत्र की रेलवे समिति द्वारा पूर्व में रेलवे के जीएम तथा बालाघाट-सिवनी क्षेत्र के सांसदों को भी ज्ञापन सौंपकर लामता स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया।

### रीवा - इतवारी ट्रेन का स्टॉपेज, लेकिन रोजाना नहीं चलने से परेशानी

लामता स्टेशन पर रीवाङ्कइतवारी ट्रेन का स्टॉपेज दिया गया है, लेकिन यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि रोजाना चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज मिलने से शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, न्यायालयीन कार्य और रोजगार से जुड़े यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### बसों के जरिए सफर करने को मजबूर जनता

लामता से नागपुर, रायपुर और चांदाफोर्ट की ओर सीधी यात्री ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण जरूरतमंद लोगों को महंगे किराए पर बसों से सफर करना पड़ रहा है। क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन इलाज, शिक्षा, कोर्ट-कचहरी, व्यापार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा करते हैं।

ट्रेन सुविधा समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को मजबूरी में बसों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### बस संचालकों को मिल रहा फायदा

लामता क्षेत्र से जबलपुर, रायपुर, नागपुर और गोंदिया सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए सीधी यात्री ट्रेन सुविधा पर्याप्त नहीं होने का फायदा बस संचालकों को मिल रहा है। यात्रियों का कहना है कि बालाघाट से लामता तक बस का किराया करीब 90 रुपये तक लिया जा रहा है, जबकि ट्रेन से इसी दूरी की यात्रा काफी कम किराए में की जा सकती है।

ऐसी स्थिति में मध्यवर्गीय और गरीब परिवारों के लोगों को बार-बार महंगे किराए पर यात्रा करने से आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी क्षेत्रवासियों में सवाल उठने लगे हैं।

### 50 किलोमीटर दूर बालाघाट जाना पड़ता है

लामता क्षेत्र काफी बड़ा है और इसके आसपास मलाजखंड, बैहर, परसवाड़ा, चांगोटोला सहित अनेक क्षेत्र जुड़े हुए हैं। यहां के यात्री, व्यापारी, किसान, मजदूर, विद्यार्थी और आम नागरिक लामता रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य की ओर यात्रा करते हैं।

एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए करीब 50 किलोमीटर दूर बालाघाट रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

### मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

क्षेत्रवासियों ने रेलवे और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मूकमाटी इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं जबलपुरङ्कचांदाफोर्ट ट्रेन का लामता स्टेशन पर यथाशीघ्र ठहराव दिया जाए।

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्र की जनता द्वारा लामता बंद, रेल रोको आंदोलन, चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि लामता स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव केवल लामता नगर की नहीं, बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों की आवश्यकता है। रेलवे और जनप्रतिनिधियों को जनहित में इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

# तिरंगे के साथ सड़कों पर उतरा परसवाड़ा, बाइक रैली में दिखा देशभक्ति का जोश..





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व गुरुवार को परसवाड़ा में विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। देश की एकता-अखंडता और तिरंगे के प्रति सम्मान का संदेश देने निकली रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, युवाओं, समाजसेवियों और नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले बाइक सवारों से नगर का माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से रैली मार्ग गूंजता रहा।

रैली रानी दुर्गावती महाविद्यालय परिसर से शुरू हुई। मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, जनपद कार्यालय और बीजाटोला होते हुए रैली विश्रामगृह के समीप बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

### देश की एकता के लिए सभी एक मंच पर आए : मधु भगत

विधायक मधु भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी वर्गों के लोगों ने रैली में शामिल होकर तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों और देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### तिरंगे के नीचे सभी समान : सम्मल सिंह धुर्वे

जनपद अध्यक्ष सम्मल सिंह धुर्वे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के निर्देश पर 9 से 17 अगस्त तक तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि तिरंगे के नीचे सभी समान हैं और यही राष्ट्रीय एकता की भावना है।

### तिरंगा देश की आन-बान-शान : रामेश्वर कटरे

समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में युवा, बुजुर्ग और बच्चे तिरंगा यात्राओं में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तिरंगे की गरिमा बनाए रखने और लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी को ऐसे आयोजनों में भाग लेना चाहिए।

## अब तक 97 बच्चे स्वस्थ्य होकर लौटे अपने घर..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड के ग्राम कुंडेकसा, अडोरी, कोरका एवं बांदरी में स्वास्थ्य संबंधी समस्या, मौसमी बीमारी, सर्दी खांसी बुखार, चर्मरोग मीजलस स्कैबीज, मलेरिया के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराए गए बच्चों में से 97 बच्चे स्वस्थ्य होकर अपने गांव लौट गए हैं।***

विगत एक माह से दिनांक 13 अगस्त कुल 128 बच्चों में से 97 बच्चों को सफलतापूर्वक स्वास्थ्य लाभ मिलने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। इस तरह कुल 31 बच्चें अस्पताल में उपचाररत हैं, जो पूर्णतः स्वस्थ्य है। उक्त ग्रामों में 20 सर्वेक्षण टीम के माध्यम से घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है एवं बीमार व्यक्तियों की जांच के लिए 10 चिकित्सा अधिकारी एवं 4 एम्बूलेंस भर्ती हेतु लगायी गयी है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अब तक कुल 530 मरीज विभिन्न बीमारियों के मिले, जिसमें 97 को अस्पताल में एवं 402 को घर पर ही उपचार प्रदान कर ठीक किया गया।


**अविलंब पका मकान बेचना है**

रामपायली (बालाघाट जिले) में रामपायली बस स्टैंड पे (वारासिवनी से नागपुर रोड) अस्पताल के सामने साईज 15*125 फिट में सिलेब का दुकान एवंम घर के उपयोगी है सम्पर्क करें मोबाइल

नंबर 9926001021

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बस स्टैंड रामपायली


# नवांकुर सखी हरियाली अमावस्या पर सोनपुरी में पौधरोपण एवं कलश यात्रा



**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड बैहर, जिला बालाघाट के सेक्टर क्रमांक 03 अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुरी में नवांकुर सखी हरियाली अमावस्या के अवसर पर ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौधरोपण, पौधा वितरण एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्यमंत्री जी के आह्वान एवं जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवांकुर संस्था अध्यक्ष राजीव गोपाल सिंह परते, संदीप गजभिये, मंडल महामंत्री तपेश घुले एवं सहायक सचिव सतीश उमरे उपस्थित रहे।

नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोनपुरी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत सोनपुरी परिसर में कटहल, आंवला, खमेर एवं मुरछुल्ली के पौधों का विधिवत पौधरोपण किया गया। साथ ही नवांकुर सखियों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद उत्साहपूर्वक कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा के दौरान नवांकुर सखियों एवं ग्रामवासियों ने ÷एक पेड़ मां के नाम÷, ÷भारत माता की जय÷ एवं ÷पौधे लगाओ, प्रदूषण भगाओ÷ जैसे प्रेरणादायी नारों के साथ सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ज्योति वरकडे, सदस्य जिरन पंचतिलक, ममता कटरे, रोशनी गजभिये, शिखा उमरे एवं किरण अडमे सहित नवांकुर सखियां सरिता कोडापे, सुमित्रा राहंगडले, रामेश्वरी गौतम, उर्मिला राहंगडले, रोशनी राहंगडले, रेनू उमरे, साधना मर्सकोले, प्रीति घुले, सविता घुले, सुमन घुले, ताशन बाई राहंगडले, पुष्पलता बिसेन एवं प्रदीप धनकड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक पौधरोपण, स्वच्छता एवं हरियाली के प्रति आमजन में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जनअभियान बनाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हर घर तिरंगा का संदेश लेकर निकली तिरंगा यात्रा, विद्यार्थियों ने लगाए देशभक्ति के नारे..





**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैली निकालकर नागरिकों को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया।***

9 से 17 अगस्त तक चल रहे अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

विद्यालय परिसर से शुरू हुई तिरंगा रैली रानी दुर्गावती चौक का भ्रमण करते हुए पुनः वापस विद्यालय परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए और ग्रामीणों से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

### तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

तिरंगा यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

### 17 अगस्त तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 17 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन आयोजनों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री एम.एस. तेकाम,रवि शंकर मोहरे, कमल सिंह धुर्वे, नरेंद्र बिसेन, सम्मेलाल पंद्रे, हीरालाल मेरावी, इन्दिरा कुशरे, निर्मला नगपुरे, ज्योति उइके, मिथिला तेकाम, सुमनदास ढेकवारे, चंद्रशेखर खोबरागड़े,ज्वाला आर्मो, प्रेम कुमार वर्मा, अभिषेक ठाकरे, राकेश नागेन्द्र, माखन धारवैया, लाभसिंह धुर्वे, लक्ष्मण आर्मो, संदीप चौरे, रोशनी परवार, अमीषा वैध, और अन्य शिक्षक एवं शिक्षिका शामिल हुए।

# वारासिवनी में 14 अगस्त को सजेगी 'अखंड भारत दिवस' की विचार गोष्ठी

### विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड वारासिवनी द्वारा श्रीराम मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**जगप्रेरणा वारासिवनी (बालाघाट)।**

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड वारासिवनी (महाकौशल प्रांत) के तत्वावधान में आगामी 14 अगस्त 2026, शुक्रवार को अखंड भारत दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वारासिवनी स्थित श्रीराम मंदिर में सायं 05:00 बजे से प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत विभाजन की विभीषिका और देश के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है।

### कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु एवं संदेशः

संकल्प दिवस व इतिहास का स्मरणः अखंड भारत दिवस के माध्यम से देश के विभाजन की त्रासदी और अतीत के संघर्षों को याद करते हुए राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दोहराया जाएगा। सांस्कृतिक एवं गौरवशाली इतिहासः युवा पीढ़ी को भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति, ऐतिहासिक गौरव और राष्ट्रीय प्रतीकों से परिचित कराया जाएगा।

सामाजिक समरसता पर बलः समाज में व्याप्त जात-पात, ऊंच-नीच और अन्य भेदभावों को मिटाकर एक मजबूत एवं एकजुट समाज के निर्माण पर जोर दिया जाएगा।

राष्ट्रहित के प्रयासः इस विचार गोष्ठी के जरिए राष्ट्र की एकता, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर जन-जागृति लाने का संदेश दिया जाएगा।

### प्रमुख अतिथि एवं वक्ताः

आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी श्री शारदा प्रसाद शिव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में विहिप के क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख (भोपाल) श्री ललित पारधी उपस्थित रहकर अपना बौद्धिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

इसके अलावा, विशिष्ट अतिथि के रूप में विहिप के सिवनी विभाग मंत्री श्री पंकज बिसेन एवं बालाघाट जिला अध्यक्ष श्री यज्ञेश (लालू) चावड़ा उपस्थित रहेंगे।

विहिप एवं बजरंग दल प्रखंड वारासिवनी ने नगर व आसपास के सभी धर्मप्रेमी एवं राष्ट्रप्रेमी बंधुओं से सपरिवार इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर राष्ट्र की अखंडता के प्रति अपने संकल्प को सुदृढ़ करने की अपील की है।

## बालाघाट जिले के बैहर तहसील के कुमादेही में

# आधी रात को हमलावरों ने व्यापारी तेजराम के घर में घुसकर मारपीट कर की 50 लाख की डकैती..

### 13.50 लाख कैश और जेवर लूटे.. फिर एक वारदात बनी पुलिस के लिये चुनौती..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले में बीते दिनों लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्पा में एक बुजुर्ग दंपत्ति के घर में घुसकर मारपीट कर डकैती की घटना को कुछ आरोपियों ने पेशेवर आरोपियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था, इस घटना में पुलिस ने आरोपियों को पकडऩे में सफलता प्राप्त कर ली,***

लेकिन इस घटना के बाद एक बार फिर इसी तरह की आधी रात को घर में घुसकर पुरे परिवार को बंधक बनाते हुए बड़ी डकैती को अंजाम दिये जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैहर थाना क्षेत्र स्थित कुमादेही में 12-13 अगस्त की दरमियानी रात करीब 1 बजे एक युवक ने व्यापारी तेजराम ठाकरे के घर का दरवाजा खटखटाया। युवक ने अपनी गाड़ी बंद होने और पेट्रोल मांगने का बहाना बनाया। जब तेजराम ने पेट्रोल नहीं है कहकर दरवाजा नहीं खोला, तो आरोपी युवक जबरदस्ती दरवाजा पीटता रहा, जिसके कारण परेशान होकर तेजराम ठाकरे ने दरवाजा खोकर नाराजगी व्यक्त करने की कोशिश की, तो युवक के साथ दो अन्य बदमाश तेजराम ठाकरे के घर में घुस गए। पिड़ित ठाकरे ने पुलिस को बताया कि तीनों बदमाशों ने उसे जमीन पर पटक दिया और उसकी गर्दन पर चाकू और तलवार अड़ाकर धमकाया। शोर सुनकर उसकी पत्नी तानन ठाकरे बाहर आई, तो बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट की। बदमाशों ने पिस्टल और तलवार से धमकाते हुए तेजराम के बेटे प्रकाश ठाकरे को उसके कमरे से बाहर निकाला और उसको भी बेल्ट से बेरहमी से पीटा। इसके बाद बदमाशों ने लोहे की रॉड से घर का संदूक तोड़ दिया। संदूक में रखा रानी हार, मंगलसूत्र, कान के झुमके आदि मिलाकर 10 तोला सोना एवं दो किलो चांदी और 13.50 लाख रुपये नकद लूट लिए। तेजराम ने बदमाशों ने तेजराम की पत्नी के गले से मंगलसूत्र और झुमके भी उतरवा लिए, और वारदात को अंजाम देने के बाद सभी सदस्यों को एक कमरे में बंद कर सभी के मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद किसी तरह कमरे का दरवाजा खोलकर ठाकरे परिवार ने पड़ोसियों के फोन से पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बैहर थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# हर घर तिरंगा अभियानः नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले ने सेल्फी पॉइंट पर दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश




**जगप्रेरणा लांजी।**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत लांजी नगर परिषद द्वारा भी नागरिकों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर परिषद कार्यालय परिसर में बनाए गए आकर्षक 'हर घर तिरंगा' सेल्फी पॉइंट पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, और सभी परिषद पदाधिकारी. सीएमओ ने तिरंगा हाथ में लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। सेल्फी पॉइंट पर तिरंगे के साथ तस्वीर लेकर नगर परिषद अध्यक्ष ने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने की अपील की। सेल्फी पॉइंट को तिरंगे के रंगों, देशभक्ति से जुड़े चित्रों और 'हर घर तिरंगा' संदेश के साथ आकर्षक रूप दिया गया है, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता, गौरव और वीरता का प्रतीक है। हर नागरिक को तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर परिषद लांजी के उपाध्यक्ष, सभापति, और समस्त पार्षद गण, सीएमओ,एव अधिकारी कर्मचारी के द्वारा नागरिकों से 9 अगस्त से 17 अगस्त तक चल रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त करने का आह्वान किया। नगर परिषद की इस पहल से नगर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभक्ति का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण नजर आ रहा है।

# नपा में याद किये गये प्रथम नपाध्यक्ष स्व.कस्तुरचंद वर्मा, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ परिषद ने दी श्रद्धांजलि..





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

नगर पालिका परिषद में बुधवार को नगर के प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.कस्तुरचंद वर्मा की पुण्य तिथि मनाकर उन्हे याद किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, सीएमओ सूर्यप्रकाश उके सहित अन्य गणमान्य जनो की मौजूदगी में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों के द्वारा नपा परिसर में स्थित स्व.कस्तुरचंद वर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रध्दांजली अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नगर के प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष स्व.कस्तुरचंद वर्मा के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि स्व. कस्तूरचंद वर्मा नपा के प्रथम अध्यक्ष थे जिन्होने लगातार 18 वर्ष तक सेवा की एवं वारासिवनी की बसाहट इन्होने की है जिसकी सभी तारिफ करते है। स्वर्गीय कस्तूरचंद वर्मा एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। आज जो भी शासकीय कार्यालय दिख रहे हैं वह उनकी बसावट है आज हम उन्हें याद करते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दादरे ने कहा कि हमने प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कस्तूरचंद वर्मा को देखा तो नहीं परंतु उनके बारे में हमारे नेता पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल व अन्य लोगों से सुना है। श्री वर्मा के समय जिस प्रकार से नगर का विकास हुआ था वैसा पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल के कार्यकाल में नगर का विकास हुआ था।

परंतु अब हमारी परिषद है जिसमें हमारे नेता प्रदीप जायसवाल का मार्गदर्शन है और निश्चित रूप से इस परिषद को भी नगर के विकास के लिए जाना जाए। ऐसा कार्य श्री जायसवाल के नेतृत्व में हमारे द्वारा करने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षद अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# युग शक्ति विद्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण..



**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***विस्तृत जानकारी-आज दिनांक 12/08/2026 को सेक्टर क्रमांक 04 गढ़ी युग शक्ति विद्यालय गढ़ी मे जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी के निर्देशानुसार हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें उपस्थित एनीमिया युक्त भारत अभियान संस्था के***

संभागीय समन्वयक श्री तरुण तिवारी जी एवं नवांकुर अध्यक्ष मंजूलता चौधरी जी एवं युग शक्ति विद्यालय गढ़ी के शिक्षक गण एवंष्द्धष्घ्स्त्रश्च छात्रा पूर्णिमा राहंगडाले सोनिका यादव उपस्थित रहे। इसी कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी के द्वारा युग शक्ति प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ स्वप्निल गजभिए, डॉ पपीता भूरिया, विनोद बधाइयां, शैलेश बिसेन, मंजुलता चौधरी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नवांकुर सखी हरियाली सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम माना में सम्पन्न..



**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड बैहर जिला बालाघाट आज दिनांक 12/08/2026 को ग्राम माना में मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देशन एवं जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा साथ ही तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माना व अन्य ग्रामीणजन के साथ ग्राम पंचायत माना के प्रागण से शिव मंदिर माना तक विशाल रैली के माध्यम से हरियाली यात्रा व तिरंगा यात्रा का (महत्व) संदेश ग्रामवासियों को दिया गया साथ ही वृक्षारोपण किया गया। जिसमें उपस्थिति रहें ग्राम पंचायत माना सरपंच श्रीमती भगवती उइके जी, जनपद पंचायत बैहर सीईओ सर भोलाराम मेरावी जी, नवांकुर अध्यक्ष श्रीमती मंजुलता चौधरी जी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माना अध्यक्ष श्रीमती देवकुंवर कुशरे जी, सचिव सुश्री अंबिका उयके जी, ष्द्धष्घ्स्त्रश्च छात्रा सीमा कुशरे, सोनिका यादव, पूर्णिमा राहंगडाले, ग्राम रोजगार सहायक श्री धरम सिंह पट्टावी जी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्य ग्रामीणजन रहें।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## लांगस्निंग एफसी से रोमांचक ड्रॉ के बाद शिलांग लाजोंग एफसी क्वार्टर फाइनल में

शिलांग, (भाषा)।

***शिलांग लाजोंग एफसी ने बृहस्पतिवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप ई के मुकाबले में लांगस्निंग एफसी के साथ 3-3 से रोमांचक ड्रॉ खेलकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।***



इस नतीजे से शिलांग लाजोंग सात अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा। लांगस्निंग एफसी ने भी शानदार जुझारूपन दिखाया और पांच अंक के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया।

शिलांग लाजोंग के लिए जोआओ विटोर डी पाउला मोराइस ने दो गोल दागे। उन्होंने पहला गोल आधे घंटे से पहले और दूसरा मध्यांतर के बाद किया। एवेरब्राइटन साना ने टीम के लिए तीसरा गोल किया।

लांगस्निंग एफसी ने जोरदार वापसी करते हुए किर्मेनशेम मुखिम, वदाजिएद किनसाई रिंगखलेम और सैयद अहमद के गोल से स्कोर बराबर किया। अहमद ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम लम्हों में गोल दागकर अपनी टीम को बराबरी दिलाई।

ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर एफसी ने भी टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। दोनों ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की।

गुवाहाटी में स्थानीय खिलाड़ी और भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर हालिचरण नारजारी के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बोडोलैंड एफसी ग्रुप एफ के अपने अंतिम मुकाबले में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी को 6-0 से हराने के बाद भी नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका।

हालिचरण ने चार गोल दागे और दो गोल करने में मदद की। उन्होंने दोनों हाफ में दो-दो गोल किए जबकि कौशिक दैमारी और ग्वग्वमसार गायरी ने भी दूसरे हाफ में गोल करके बोडोलैंड एफसी को बड़ी जीत दिलाई।

हालांकि इस शानदार जीत और तीन मैच में छह अंक हासिल करने के बावजूद बोडोलैंड एफसी दूसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह नहीं बना सका। ईस्ट बंगाल एफसी और जमशेदपुर एफसी के भी छह-छह अंक रहे लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण उन्होंने बाजी मार ली।

इस बीच कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी लगातार दूसरे सत्र में बिना कोई अंक हासिल किए अपना अभियान समाप्त करने वाली टीम रही।

रांची में 17 वर्षीय लॉमसांगजुआला की 25 मिनट में हैट्रिक और अमन सीके के शानदार खेल से जमशेदपुर एफसी ने ग्रुप सी के अपने अंतिम मुकाबले में भारतीय वायुसेना एफटी को 6-0 से हराया।

रेनियर फर्नांडिस ने चौथे मिनट में जमशेदपुर एफसी के लिए पहला गोल किया जिसके बाद दूसरे हाफ में लॉमसांगजुआला ने दो गोल दागे। अमन सीके ने जमशेदपुर का चौथा गोल किया जबकि लॉमसांगजुआला ने 80वें मिनट में हैट्रिक पूरी की।

इसके बाद रयान सी ने छठा गोल करके जमशेदपुर एफसी की एकतरफा जीत पूरी की।

## भारत ने ब्राजील के खिलाफ मैत्री मैच को प्राथमिकता देते हुए आसियान कप से नाम वापस लिया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के उप महासचिव एम सत्यनारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने अक्टूबर में पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ होने वाले हाई-प्रोफाइल अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच को प्राथमिकता देते हुए पहले फीफा आसियान कप से नाम वापस ले लिया है।***

भारत के आगामी टूर्नामेंट से हटने का मतलब यह भी है कि वह फीफा से मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में दक्षिण-पूर्व एशिया की कुछ प्रमुख टीम के खिलाफ खेलने का मौका गंवा देगा। सत्यनारायणन ने पीटीआई से कहा, ''हमने फीफा आसियान कप से नाम वापस ले लिया है क्योंकि हम ब्राजील और फीफा आसियान कप दोनों में नहीं खेल सकते।''

पहली बार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की परिकल्पना आसियान क्षेत्र की टीमों के लिए एक नई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के रूप में की गई थी जिसमें भारत को गैर आसियान प्रतिभागियों में से एक के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

भारत ने शुरुआत में फीफा के इस नए टूर्नामेंट में भाग लेने का निमंत्रण स्वीकार किया था और बाद में उसे डिवीजन-एक के ग्रुप ए में इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर के साथ रखा गया था। यह प्रतियोगिता 21 सितंबर से छह अक्टूबर के बीच फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के आयोजन के लिए निश्चित समय) के दौरान होनी है।

हालांकि तीन अक्टूबर को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में ब्राजील के खिलाफ भारत के मैच की प्रतिबद्धता के कारण कार्यक्रम में टकराव पैदा हो गया।

एआईएफएफ ने पहले आसियान कप में अलग या डेवलपमेंटल टीम उतारने की संभावना पर विचार किया था लेकिन अब पूरी तरह हटने और अंतरराष्ट्रीय विंडो का इस्तेमाल मैत्री मुकाबलों के लिए करने का फैसला किया है।

ब्राजील के खिलाफ मुकाबले की आधिकारिक घोषणा पिछले महीने की गई थी।

इस बीच बृहस्पतिवार को आई रिपोर्टों के मुताबिक भारत 2026 फीफा विश्व कप में खेलने वाली टीमों के खिलाफ भी मैत्री मैच कराने की संभावना तलाश रहा है। केप वर्दे और ईरान के नामों पर चर्चा होने की खबर है। हालांकि एआईएफएफ ने अभी इन मुकाबलों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

एआईएफएफ का यह फैसला इस साल की शुरुआत में बनाई गई उसकी योजना से महत्वपूर्ण बदलाव है जब उसने फीफा का निमंत्रण स्वीकार करने के साथ ही प्रतियोगिता में भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

भारत 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है और हाल के वर्षों में उसे नियमित रूप से उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वी हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा है।

इस बीच पता चला है कि चार सितंबर से शुरू होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मीडिया अधिकारों के लिए केवल एक बोली जमा की गई है। आईएसएल मीडिया अधिकारों के लिए बोली जमा करने की विस्तारित समय सीमा 12 अगस्त को समाप्त हो गई।

सूत्रों के मुताबिक एकमात्र बोलीदाता एक डिजिटल स्ट्रीमिंग मंच है जिसके पास कोई टीवी चैनल नहीं है। अब यह देखना होगा कि एआईएफएफ और आईएसएल क्लब इस मामले में क्या फैसला लेते हैं क्योंकि शीर्ष स्तरीय लीग के प्रशंसकों की दिलचस्पी बनाए रखने के लिए टेलीविजन प्रसारण अहम होगा।

आईएसएल के 2025-26 सत्र में भी मीडिया अधिकार धारक फैनकोड ने टीवी प्रसारण अधिकार सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को दिए थे जबकि डिजिटल स्ट्रीमिंग के विशेष अधिकार अपने पास बरकरार रखे थे।

एआईएफएफ ने 25 जुलाई को आईएसएल 2026-27 के मीडिया अधिकारों के लिए आरएफपी (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) जारी किया था। यह कदम एआईएफएफ और भाग लेने वाली टीमों के दो साल के लिए क्लब आधारित मॉडल पर सहमत होने के बाद उठाया गया था जिसे चार साल तक बढ़ाया जा सकता है। इस व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय महासंघ प्रशासनिक और मुख्य नियामकीय कार्य अपने पास रखेगा।


## रिलीज से पहले ही रचा इतिहास, 'आवारापन 2' ने एडवांस बुकिंग में तोड़ा पार्ट 1 की कुल कमाई का रिकॉर्ड

डेस्क जगप्रेरणा।

इमरान हाशमी की 2007 में आई फिल्म 'आवारापन' को आज भले ही एक क्लासिक फिल्म माना जाता हो, लेकिन रिलीज के समय यह बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई थी। उस दौरान इस फिल्म ने अपने पूरे लाइफटाइम में महज ₹7.7 करोड़ की कमाई की थी। हालांकि समय के साथ केबल, टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला और यह एक कल्ट फिल्म बन गई। सालों बाद इसी लोकप्रियता का सीधा फायदा अब इसके सीक्वल को मिल रहा है, जो इस वीकेंड सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहा है।

### एडवांस बुकिंग में रचा नया इतिहास

'आवारापन 2' की एडवांस बुकिंग रिलीज से महज 48 घंटे पहले शुरू की गई थी, लेकिन दर्शकों के जबरदस्त उत्साह के कारण इसे शानदार शुरुआती प्रतिक्रिया मिली। रिलीज से ठीक एक दिन पहले तक फिल्म के पहले दिन के लिए 1.3 लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे। एडवांस बुकिंग के जरिए ही फिल्म पहले दिन के प्रदर्शन के लिए लगभग ₹4 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन हासिल कर चुकी है। अगर पूरे ओपनिंग वीकेंड के एडवांस आंकड़ों को देखा जाए तो यह आंकड़ा ₹9 करोड़ ग्रॉस से अधिक हो चुका है। इस तरह फिल्म ने रिलीज होने से पहले ही अपने पहले भाग के कुल लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है।



### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का नया रिकॉर्ड

साल 2007 में रिलीज हुई 'आवारापन' ने अपने पहले दिन ₹79 लाख कमाए थे और अपने पहले वीकेंड में केवल ₹2.88 करोड़ का कारोबार किया था। इसके उलट 'आवारापन 2' इमरान हाशमी के करियर की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बनने की राह पर है। बॉक्स ऑफिस विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह फिल्म अपने पहले ही दिन ₹15 से ₹20 करोड़ के बीच का धमाकेदार नेट कलेक्शन कर सकती है। इसके अलावा, दुनिया भर के सिनेमाघरों में अपने पहले वीकेंड के दौरान ही यह फिल्म ₹100 करोड़ का आंकड़ा पार करने का दमखम रखती है, जो इसके पहले भाग की कुल कमाई से कई गुना अधिक है।


### बॉक्स ऑफिस पर क्लैश और स्टार कास्ट

इस शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर 'आवारापन 2' की सीधी टक्कर सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' से हो रही है। हालांकि मौजूदा रुझानों और एडवांस बुकिंग के आंकड़ों को देखते हुए ट्रेड विश्लेषकों का मानना है कि इस मुकाबले में 'आवारापन 2' काफी आगे निकल जाएगी। नितिन कक्कड़ के निर्देशन और विशेष भट्ट के निर्माण में बनी इस फिल्म में इमरान हाशमी एक बार फिर अपने आइकोनिक किरदार 'शिवम पंडित' के रूप में वापसी कर रहे हैं। फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी, दिशा पाटनी और सुविंदर विक्की भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है।

## टीटीएफआई ने निलंबन के फैसले पर जताई चिंता, खेल मंत्रालय से आदेश पर पुनर्विचार की अपील..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने बृहस्पतिवार को खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय महासंघ की मान्यता निलंबित किए जाने के फैसले पर चिंता जताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के ओलंपिक चार्टर के तहत उसकी***



स्वायत्तता का सम्मान किया जाना चाहिए और उसके कामकाज में किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। टीटीएफआई ने मंत्रालय से 12 अगस्त के आदेश को फिलहाल स्थगित करने और पूरे मामले पर नए सिरे से विचार करने का अनुरोध भी किया।

खेल मंत्रालय ने बुधवार को प्रशासनिक खामियों का हवाला देते हुए टीटीएफआई की मान्यता निलंबित कर दी थी और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को खेल का संचालन करने के लिए एक तदर्थ समिति गठित करने का निर्देश दिया था।

मंत्रालय ने कहा था कि समय पर चुनाव नहीं कराने सहित अन्य कारणों से पहले जारी कारण बताओ नोटिस का टीटीएफआई ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। टीटीएफआई की अध्यक्ष मेघना अहलावत की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''टीटीएफआई विनम्रतापूर्वक मंत्रालय से अनुरोध करता है कि किसी भी बाहरी या अंतरिम प्रशासनिक व्यवस्था के संभावित प्रभावों पर विचार किया जाए। ओलंपिक चार्टर के नियम 27 और 28 के तहत राष्ट्रीय खेल महासंघों की स्वायत्तता को मान्यता और संरक्षण प्राप्त है।''

बयान में कहा गया, ''ओलंपिक चार्टर और अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) के नियम राष्ट्रीय खेल महासंघों की स्वायत्तता को स्पष्ट रूप से मान्यता और संरक्षण देते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका संचालन और प्रशासन किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से मुक्त रहे।''

महासंघ ने कहा कि वह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत विधिवत पंजीकृत संस्था है और इसका संचालन उसके संविधान तथा खेल प्रशासन की स्वायत्तता के सिद्धांतों के अनुसार होता है।

बयान में कहा गया, ''टीटीएफआई एक स्वायत्त संस्था है जिसका पंजीकरण सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत हुआ है। इसका संचालन इसके संविधान और महासभा द्वारा किया जाता है। महासंघ खेल मंत्रालय का पूरा सम्मान करता है और उसकी भूमिका को स्वीकार करता है।''

साथ ही महासंघ ने दोहराया कि स्वायत्त राष्ट्रीय खेल महासंघों का प्रशासन उनके संविधान और सुशासन के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। गौरतलब है कि दिसंबर 2022 में टीटीएफआई की अध्यक्ष बनीं मेघना अहलावत हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की पत्नी हैं। दुष्यंत चौटाला टीटीएफआई के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला के पुत्र हैं।

महासंघ पिछले कई महीनों से विवादों में घिरा हुआ है। जनवरी में टीटीएफआई ने अपने महासचिव और पूर्व खिलाड़ी कमलेश मेहता को कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया था। मेहता ने इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी जहां अदालत ने उनका निलंबन रद्द कर दिया।

टीटीएफआई ने अपने बयान में दावा किया कि मंत्रालय द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों का समाधान 30 जून 2026 को जारी कारण बताओ नोटिस से पहले ही कर दिया गया था।

महासंघ ने कहा कि सात जुलाई 2026 को मंत्रालय को भेजे गए विस्तृत जवाब में बैठकों की कार्रवाई, प्रस्तावों और ऑडिट रिकॉर्ड सहित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए गए थे।

बयान के अनुसार, ''आदेश में जिन कमियों का उल्लेख किया गया है, वे या तो तथ्यात्मक रूप से गलत हैं या फिर कारण बताओ नोटिस जारी होने से पहले ही उनका समाधान किया जा चुका था।''

टीटीएफआई ने यह भी कहा कि भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों का हालिया प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि महासंघ लगातार खिलाड़ियों के हित में प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। महासंघ के अनुसार, वर्तमान में पांच भारतीय महिला और तीन भारतीय पुरुष खिलाड़ी आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग के शीर्ष 100 (और शीर्ष 50) में शामिल हैं। इसके अलावा भारत ने 2022 एशियाई खेलों और 2026 एशियाई युवा चैंपियनशिप में भी पदक जीते हैं तथा जूनियर खिलाड़ियों की मजबूत प्रतिभा श्रृंखला तैयार हुई है।

टीटीएफआई ने कहा कि वह मंत्रालय के साथ लगातार सकारात्मक संवाद बनाए हुए है और यदि कोई चिंता सामने आती है तो उसका समाधान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अंत में महासंघ ने दोहराया कि वह राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 और राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के तहत सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों का पूरी तरह पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा मंत्रालय के मार्गदर्शन में सहयोग की भावना से कार्य करता रहेगा।

## भारतीय बल्लेबाजों के सामने होगी 'गॉल के किंग्स' जयसूर्या-मेंडिस की स्पिन चुनौती..

गॉल, (भाषा)।

***कई दफा कुछ क्रिकेटर किसी खास मैदान को अपना पसंदीदा मंच बना लेते हैं और वहां लगातार यादगार प्रदर्शन करते हैं जैसे महेला जयवर्धने और मुथैया मुरलीधरन ने सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब पर प्रतिद्वंद्वी टीम को खूब परेशान किया था।***



इसी तरह जाक कैलिस के न्यूलैंड्स में आंकड़े अविश्वसनीय रहे हैं जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड लॉर्ड्स में लगभग अजेय साबित हुए। अब श्रीलंका के दो स्पिनर प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस ने गॉल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को अपना गढ़ बना लिया है जहां वे लगातार विपक्षी बल्लेबाजों पर हावी रहे हैं।

दोनों ने मिलकर इस मैदान पर 145 विकेट झटके हैं। बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने सिर्फ 11 टेस्ट में 81 विकेट लिए हैं जबकि ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस ने 12 टेस्ट में 64 विकेट अपने नाम किए हैं।

पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर फरवेज महरूफ ने उनकी इस सफलता का कारण बताते हुए कहा, ''प्रभात जयसूर्या श्रीलंका का सबसे बड़ा हथियार होंगे। हमने उन्हें 'किंग ऑफ गॉल' का नाम दिया है क्योंकि उन्होंने वहां सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।''

उन्होंने कहा, ''उन्हें हवा का सही इस्तेमाल करते हुए गेंदबाजी करना अच्छी तरह आता है। गॉल में हवा एक बड़ा कारक होती है क्योंकि इससे स्पिनरों को अतिरिक्त फायदा मिलता है।''

यह शायद भारतीय बल्लेबाजों के लिए अच्छी खबर नहीं होगी क्योंकि हाल के समय में वे बेहतरीन स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए हैं। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल और मिचेल सैंटनर ने भारत में ही भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर दिया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने भी ऐसा ही प्रदर्शन किया।

अब भारतीय बल्लेबाजों को एक ही मैच में बेहतरीन बाएं हाथ की स्पिन और ऑफस्पिन की जोड़ी का सामना करना होगा।

पूर्व श्रीलंकाई स्पिनर उपुल चंदना ने भी भारतीय बल्लेबाजों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ''जयसूर्या बहुत जल्दी श्रीलंका के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। वे पारंपरिक शैली में गेंदबाजी करते हैं और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं देते। अगर पिच पर असमान उछाल रहा तो उनकी सटीक गेंदबाजी और भी प्रभावी होगी।''

चंदना ने उदाहरण देते हुए बताया कि पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करुणारत्ने की खोज माने जाने वाले जयसूर्या ने पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को कई बार परेशान किया है।

उन्होंने कहा, ''वह लगातार 'अंडर-कटर' और 'आर्म बॉल' फेंकते हैं। बाबर आजम को उनके खिलाफ रन बनाने में मुश्किल हुई क्योंकि वह अक्सर बैकफुट पर चले जाते थे। उनके खिलाफ लगातार रन बनाने की कोशिश करनी पड़ती है। यदि आप सिर्फ रक्षात्मक खेलेंगे तो मुश्किलें बढ़ जाएंगी।''

चंदना (54 वर्ष) का मानना है कि दूसरे छोर से रमेश मेंडिस का साथ मिलने से जयसूर्या और भी खतरनाक हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, ''मेंडिस दूसरे छोर से शानदार सहयोग देते हैं जिससे दोनों ओर से लगातार दबाव बना रहता है। वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अलग कोण से गेंदबाजी करते हैं और गेंद को उनके शॉट खेलने की जगह से दूर ले जाते हैं। यदि पिच से टर्न मिला तो वह और भी घातक साबित हो सकते हैं।''

भारत के शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज मौजूद हैं और हाल के समय में दोनों का प्रदर्शन भी बहुत प्रभावशाली नहीं रहा है।

मैच से पहले मैदानकर्मियों को मध्य पिच पर पानी डालते हुए देखकर यह उम्मीद जरूर जगी कि विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल हो सकती है।

हालांकि भारतीय टीम अच्छी तरह जानती है कि जयसूर्या और मेंडिस के पास ऐसी कई रणनीतियां हैं जिनसे वे किसी भी बल्लेबाज़ को मुश्किल में डाल सकते हैं।




लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## विभिन्नता में एकता सिखाता मेरा देश..

÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ बना एक अनूठा संदेश÷

जैसा कि आप सभी जानते ही हैं कि हमारे भारत देश में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा जैसे अनेक कार्यक्रम मनाए जा रहे हैं।जिसमें हमारे देश के सभी जाति धर्म के लोग इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभाग कर रहे हैं।हमारा भारत देश विभिन्नता में एकता दर्शाने वाला देश है, हमारे देश के संविधान में प्रत्येक जाति धर्म के लोगों को समानता का अधिकार दिया गया है। हमारे देश के अलग-अलग प्रांतों में विभिन्न प्रकार की भाषाएं बोली जाती हैं । हमारे महाराष्ट्र की प्रांतीय भाषा मराठी है तो किसी की गुजराती,पंजाबी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, बंगाली, बिहारी, कश्मीरी, हिंदी आदि हैं। इन भाषाओं के अलावा भी हमारे देश में सिंधी, पारसी आदि अन्य कई भाषाएं भी बोली और लिखी जाती हैं।

हमारे देश में विभिन्न धर्मावलंबी समुदाय के लोग जैसे मुख्यतः हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी,जैन और बुद्ध आदि धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं। इस एकत्व का मुख्य कारण हमारे देश के तीज-त्यौहार हैं। हमारे देश में वर्ष भर त्योहारों का मौसम रहता है, जिसमें हिंदू समाज की दीपावली, मुस्लिम समाज की ईद, पारसी समाज का पारसी नववर्ष पंजाबी समाज की लोहड़ी, ईसाई समाज का क्रिसमस डे तथा होली, पोंगल, दुर्गापूजा, गणेशोत्सव आदि कई त्यौहार हम सभी देशवासी मिलजुल कर मनाते हैं।

हमारा देश भौगोलिक दृष्टि से बड़ा होने के कारण हमारे खान-पान और पहनावे में भी विविधता दिखाई देती है। हम सभी मिलकर विभिन्न प्रकार के पहनावे और खान-पान का आनंद लेते हैं। देश की एकता और अखंडता के लिए हम सभी को मिलकर साथ रहने और आपसी सौहार्दय बनाए रखने की आवश्यकता है।

हमारे पड़ोसी देश तो कब से हमारे एकत्व को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। वे किसी ना किसी बहाने से हमारी जातीय और धार्मिक विभिन्नता का फायदा लेकर भेदभाव को बढ़ावा देने का प्रयास करते रहते हैं। कभी-कभी तो वे कुछ लोगों की नासमझी के कारण अपने मकसद में कामयाब भी हो जाते हैं।इन्हीं कारणों से हमारा देश कई बार जातीय और धार्मिक दंगों की त्रासदी भी झेल चुका है। दंगाइयों का ना तो कोई धर्म और ना ही कोई जाति होती है। वे अपने निजी स्वार्थ के लिए इस प्रकार की चिंगारी को हवा देने का कार्य करते रहते हैं। इसलिए आज जरूरत आन पड़ी है कि देश को बांटने वाले अवांछनीय तत्वों से हम सभी सावधान रहें। बड़ी मुश्किल से हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ है,ना जाने कितने महापुरुषों, क्रांतिकारियों और देशभक्तों के बलिदान से हमारा देश आज स्वतंत्र हवा में चैन की सांस ले रहा है। हमें जरूरत है आपसी भाईचारे और सद्भावना की परंतु यह तभी संभव है जब हम नफरत फैलाने वाले विघटनकारी तत्वों की पहचान करके उनसे होशियार रहें, क्योंकि यदि आज हम गुलाम हुए तो कोई गांधी, कोई सुभाष चंद्र बोस या कोई भगत सिंह हमें आजाद करवाने के लिए दोबारा जन्म लेकर नहीं आएंगे।

अब समय आ गया है कि हमें ऐसे लोगों का साथ देना है जो देश की एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए हमेशा अपने प्राणों को हथेली पर लेकर चलते हैं। जी हां आप सही समझे ,ये हमारे देश के सैनिक ही हैं जो देश और देशवासियों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति भी हँसते-हंसते दे देते हैं। आइए हम सब साबित करें कि हम एक थे, एक हैं और एक ही रहेंगे। तभी हमारा एक भारत, जीवन भर एकमिसाल के रूप में श्रेष्ठ भारत बना रहेगा।कविता की कुछ पंक्तियों के साथ आज की इस नन्हीं कड़ी को मैं यही विराम देती हूँ.....

उठो जागो देश के वीर सपूतों,
वक्त आ गया फिर कुछ करने का।
देश के लिए हम मर मिटेंगे,
अखंडता को खंडित ना होने देंगे।
रहेगी सदा हमारी यही चाहत,
÷एक भारत श्रेष्ठ भारत - एक भारत श्रेष्ठ भारत÷
क्योंकि मेरा भारत देश महान,
एकत्व से है हमारे देश की पहचान।
अखंडता ने बढ़ाई है इसकी शान,
आओ गाएं मिलकर हम श्रेष्ठ राष्ट्रगान।।
भारत देश के एकत्व और श्रेष्ठता को सलाम करते हुए..


लेखिका



तमन्ना मतलानी
गोंदिया महाराष्ट्र
8007657272


## टक्कर मारकर भागने की दुर्घटना (अज्ञात वाहन) व मुवावजा..

अज्ञात वाहन का मामला एक ऐसी कानूनी स्थिति है जिसमें एक वाहन द्वारा दूसरे वाहन या पैदल यात्री या संपत्ति से टकराता है और चालक बिना रुके या सहायता किए बिना, दुर्घटना की रिपोर्ट किए बिना या संपर्क या बिना घटनास्थल से भाग जाए है। यह कि एक वाहन ने पैदल यात्री को टक्कर मारी और चालक भाग गया, यह कि एक कार दूसरी गाड़ी से टकराती है और कार वहां से भाग जाती है, यह कि एक अज्ञात वाहन के कारण एक मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया।

यह कि किसी दुर्घटना में मृत्यु या गंभीर चोटें आती हैं और दुर्घटना करने वाले वाहन का पता नहीं लगाया जा सकता है,हिट एंड रन (अज्ञात वाहन) दुर्घटना के घटक होते हैं कि किसी वाहन का किसी संपत्ति या व्यक्ति से टकराना (टक्कर लगना), व यह कि अपराध स्थल से भाग जाना, हिट-एंड-रन की दुर्घटना किसी भी आहत व्यक्ति के लिए सबसे कष्टदायक अनुभवों में से एक होती है।

पीड़ितों वयक्तियों को अक्सर शारीरिक चोटें, भावनात्मक आघात, वाहनो का नुकसान और अप्रत्याशित आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन स्थितियों को और भी खराब बनाने वाली बात यह है कि दोषी चालक घटनास्थल से भाग जाता है, जिससे पीड़ितों को तत्काल कोई सहायता नहीं मिल पाती।

हिट एंड रन (अज्ञात वाहन) दुर्घटना के मामलों में पीड़ित या उसके परिवार को सरकारी मुआवजा पाने का कानूनी अधिकार है।

हिट-एंड-रन दुर्घटना में मुआवजे के लिए कौन-कौन दावा कर सकते हैं मृतक पीड़ितों के कानूनी वारिस और आश्रित,अधिकृत प्रतिनिधि जो घायल या मृत व्यक्तियों की ओर से दावे दाखिल करते हैं,दुर्घटना से प्रभावित नाबालिग आश्रितों की ओर से आवेदन दाखिल करने वाले माता-पिता या अभिभावक,दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पीड़ित,घायल व्यक्ति या मृतक पीड़ित के कानूनी प्रतिनिधि।

हिट-एंड-रन दुर्घटना के शिकार लोगों को शारीरिक चोटें, आर्थिक नुकसान और कानूनी अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है।

हालांकि, मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुआवज़ा निधि के माध्यम से वित्तीय राहत प्रदान की जाती है, घटना की सूचना तुरंत देकर व एफआईआर दर्ज कराकर व सभी आवश्यक दस्तावेज़ सुरक्षित रखकर और निर्धारित दावा प्रक्रिया का पालन करके, पीड़ित और उनके परिवार कानून के तहत उपलब्ध मुआवजा प्राप्त कर सकते है।




अधिवक्ता हिमांशु प्रकाश मुरकुटे
8964836401


## कब तक..

फिरेंगे युवा यूं ही बेकार कब तक
देगी नही ध्यान सरकार कब तक।

हर घर तिरंगा तो ठीक है महोदय
हर घर मिलेगा रोजगार कब तक।

बनते पुल टूट रहे, सड़कें बह रही है
विकास में होगा भ्रष्टाचार कब तक।

ये जो विपक्ष पर तंज कस रहे हैं
सत्ता पर करेंगे पलटवार कब तक।

बेटी बचाव का नारा लगाने वालों
होते रहेंगे यहां बलात्कार कब तक।

स्कूलों को बंद कर गली-गली गांव में
खुलते रहेंगे
बीयर-बार कब तक।

राष्ट्रवाद की आड़
में लूट का है खेल
छुपेंगे लूटेरों के
किरदार कब तक।

सत्यानाश को ही
विकास समझ रही
जाने जनता होगी
समझदार कब तक।


लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830


## हम तुम्हे इतना प्यार करेंगे..


हम तुम्हे इतना प्यार करेंगे,
तुम्हारे दिल पर राज करेंगे,
तुम्हारे साथ
अपनी कहानी लिखेंगे,
साथ ही जिएंगे
और साथ ही मरेंगे,
लोग हमे एक साथ हीं देखेंगे,
हम तुम्हे इतना प्यार करेंगे,
की वो हमे याद करेंगे,
हमारे प्यार की मिसाल देंगे,
कोई और तुम्हारे दिल में घर
नहीं बना सकेगा,
हमसे ज्यादा तुम्हे कोई प्यार
नहीं कर सकेगा,
तुम्हारे साथ ही सफर
का अंत करेंगे,
बहुत लोग होंगे रस्ते में,
पर, वह लोग
तुम पर नहीं मरेंगे,
हम तुम्हे इतना प्यार करेंगे।


रचनाकार



प्रणव राज, बिहार


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 245



ck;s ls nk;sa& 1) बेटा, अनेक वर्षों तक जीवित रहनेवाला 4) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम 6) दीन 8) रामायण में वाली का पुत्र 10) गणेशजी का एक नाम 13) किसी धुन में बैठाये स्वर 14) जल में उत्पन्न होनेवाला 16) रुपया पैसा 18) धोखेबाज 20) वृक्ष की बहुत पतली डाली 21) गंध, बास 22) बिकुल, हरगिज 23) नम्रता 24) कोई चीज पकड़ने के लिये शीघ्रता से आगे बढ़ना 26) बीमार (अंग्रेजी) 27) छोड़ना 29) विमान, हवाई जहाज 31) नाखुष, रुष्ट 33) पृथ्वी 34) सूत कातने का एक उपकरण 35) एक देश जिसकी राजधानी बेरुत है 37) रहना 38) मौका परस्ती 41) खेत का हराभरा होना 43) वह गोल पिंड जिसमें पक्षियों का बच्चा निकलता है 44) पुरुष 45) महीना 46) हार 48) स्त्री विषयक 49) सजावट का सामान, सज्जा 50) स्थल, जगह 52) दौड़ (अं.) 54) सेविका 55) प्रेम, माया, मां का स्नेह 57) श्रीरामजी का एक नाम 60) संध्या 62) जीभ, बोली 64) प्रासाद, बड़ा घर 65) जबरदस्ती, बलपूर्वक 67) बिल्ली की जाति का जंगली जंतू 70) गायब 72) अनुकरण 73) उत्तर प्रदेश का दर्शनीय स्थलों के लिये प्रसिद्ध एक शहर 74) 'मारना' का भूतकाल 75) साथ में रहना, संगती 76) युद्ध के लिये पुकारना 79) बसने के लिये स्थान देना, आबाद करना 81) आतंक 83) भाभी 85) तोता 86) धर्म का काम, राज कपूर और रणधीर कपूर की एक फिल्म 89) ओडिशा का एक प्रसिद्ध शहर 91) जंगल का राजा 92) प्रवीण, कुशल 95) एक घुमक्कड़ जाति 96) नापित 98) माथे की भाग्य रेखा 100) जन्म का अपभ्रंश रुप 101) नष्ट करना 105) दूल्हा 106) मृत्यु के बाद सम्पत्ती के विभाजन की किसी व्यक्तिद्वारा लिखित रुप में की गयी व्यवस्था 107) औरंगजेब को दी गयी एक उपाधि 108) सुकुमारी 110) अधर्म और धर्म का कार्य 112) लिखित पत्र 113) रईस, पैसेवाला 114) सरहद 115) नस 116) हत्या 117) केश 118) देवकी के पुत्र श्रीकृष्ण 119) नदी 120) फसल उत्पन्न होने के लिये अनुपयुक्त जमीन

Åij ls uhps& 1) न्याय के स्थान में अन्याय होना या ऐसे स्थान में बुराई होना जहां नहीं होना चाहिए इस अर्थ का एक मुहावरा 2) वर्ण 3) कारण 4) शासन, सत्ता, रहस्य 5) किसी देवता द्वारा इच्छित फल की प्राप्ति 6) शोक, दुःख 7) कुदृष्टि, बुरी नजर 8) मां, एक देवी 9) उर्दू गीतों का एक प्रकार 10) अलंकार, जेवर 11) भूतपूर्व अभिनेता राज कुमार का तकिया कलाम, प्राणप्रिय 12) नौकरी कर लेना 15) पक्षाघात 17) बन्दर 19) गौ 20) वह कारखाना जहां देश की मुद्रा ढाली जाती है 21) मनवाना, राजी कराना 22) अनुमान, अंदाज 23) उत्तराधिकार 25) पंख, किन्तु 26) चारपाई में सिर की तरफ का भाग 28) मुंह के अन्दर का वह भाग जिसमें दाढ़-दांत जड़े होते है 30) जवानी 31) नौका, किश्ती 32) दारु, मद्य 34) गमन करना, पैर को गति में लाना 36) मुसलमानों की प्रार्थना 38) प्रभाव 39) लौटने की क्रिया 40) विश्व के आठ आश्चर्यों में से एक 42) मुसलमानोंद्वारा की गयी मक्के मदिने की यात्रा 47) युग्म, जोड़ा, जुड़वा 49) हिन्दूओं का एक महीना जिसमें कई त्यौहार आते है 51) मादकता 53) दृष्टि, निगाह 54) खैरात 56) मन के मुताबिक, स्वेच्छा से किया गया 58) घबराने की अवस्था 59) परामर्श 61) चित्त 63) मेघ 64) बारह राशियों में से एक 65) विश्व, संसार 66) समान, सही 68) चौसर की गोटियां बिछाने का कपड़ा 69) वादा 71) असुर, राक्षस 72) इन्कार, मनाही 74) नशीलापन 77) रेखा 78) अपने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का जन्मस्थान 80) लड़ाई, भिड़ंत 82) सूरत 83) वजन 84) जबानी या लिखकर तथा रुपया जमा करके ली जानेवाली जिम्मेदारी (किसी व्यक्ति के लिये) 87) ठिठोली 88) लिखित करार पत्र 90) शीतकाल में पहनने का एक ऊनी वस्त्र (अंग्रेजी) 91) हमारे पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटील के ससुराल का कुलनाम 93) बर्फ 94) जर्मनी में रहनेवाला 97) अरुणाचल प्रदेश की राजधानी 99) सुन्दरता, सौन्दर्य 100) प्रसिद्ध 'गीत गोविंद' ग्रंथ के रचयिता संत 101) शक्तिशाली,, ताकतवर 102) विद्रोही 103) घमंड 104) थप्पड़ 107) हर्ष, मजा 109) कमल, पंकज 110) पवित्र 111) सेतु 112) दुष्ट 113) रुपया पैसा, सम्पत्ति 114) श्रीरामजी की पत्नी, मैथिली (जवाब अगले अंक में)●

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | र | दा | र | | का | म | | कं | प | न | | अं | द | रू | नी | | च | को | र |
| सु | ब | ह | | वि | य | त | ना | म | | खा | त | मा | क | र | ना | | स | | हि | त |
| र | क | म | | | था | र | | ढा | ट | | म | द | न | | लै | ला | म | ज | नू | |
| ता | | दि | | दे | व | | अं | धी | | पु | स्त | क | | स | ला | म | त | | र | ज |
| | अ | ल | का | | त | र | क | श | | | क | | म | र्द | | | ल | क | | ना |
| | हि | | श | मा | | | ग | | न | भ | | अ | हि | | सा | फ | | ल | ह | जा |
| क | ल्या | ण | | | अ | ग | णि | त | | य | मु | ना | | म | | रि | श्ते | दा | र | |
| | बा | | न | व | भा | र | त | | अ | | क | द | | र | सि | या | | र | क | बा |
| आ | ई | ना | | न | व | म | | | मु | क | द्द | र | का | सि | कं | द | र | | त | न |
| न | | ह | ल | वा | | दि | ल | | क | स | र | | | या | द | | ज | ज | | गी |
| न | म | क | | स | द | मा | | दा | | | | | सू | | रा | म | त | न | य | |
| फा | ग | | न | | बा | ग | बा | ग | हो | ना | | न | ख | रे | बा | ज | | म | दि | रा |
| न | र | सिं | ह | रा | व | | ल | | श | क | क | र | ना | | द | ह | श | त | | धा |
| न | | ह | र | म | | स | प | ना | | क | ट | क | | न | | ब | ल | | प्या | र |
| | बा | ग | | बा | ज | | क | | स | ट | ना | | बा | जा | र | | ग | था | | म |
| अ | सा | ढ | | ण | | ज | ना | न | खा | ना | | घा | घ | रा | | ना | म | क | र | ण |

anumeva-08446302691





जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## दुर्लभ खनिज चुंबक विनिर्माण योजना के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों में कोल इंडिया, एलएंडटी शामिल



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में 7,280 करोड़ रुपये की दुर्लभ खनिज चुंबक विनिर्माण योजना के तहत कोल इंडिया और लार्सन एंड टुब्रो समेत 20 कंपनियों ने बोलियां जमा की हैं। भारी उद्योग मंत्रालय ने केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल के माध्यम से वैश्विक निविदा के तहत 20 बोलियां प्राप्त की हैं।***

ये बोलियां 'सिंटर्ड दुर्लभ खनिज स्थायी चुंबक (आरईपीएम) के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना' के तहत विनिर्माताओं के चयन के लिए आमंत्रित की गई थीं।

मंत्रालय में 13 अगस्त को बोलीदाताओं की मौजूदगी में तकनीकी बोलियां खोली गईं।

कोल इंडिया लिमिटेड और एलएंडटी के अलावा बोली लगाने वाली अन्य कंपनियों में 20 माइक्रॉन्स, एटेरो रीसाइक्लिंग, बारुपऑन-आईआरपी कंसोर्टियम, जय फी सिलेंडर्स, कीस्टोन इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड-ह्यूबॉक्स इंटीरियर्स प्राइवेट लिमिटेड (संयुक्त उद्यम), लोहुम मैग्नेट्स एंड एनर्जी सॉल्यूशंस, मिडवेस्ट एनर्जी लिमिटेड-मिडवेस्ट एडवांस्ड मैटेरियल्स (संयुक्त उद्यम), एनएएन मैग्नेटेक और नियो परफॉर्मेंस मैटेरियल्स (सिंगापुर) शामिल हैं।

अन्य बोलीदाताओं में नेक्सॉन जियोकेम प्राइवेट लिमिटेड, पीआरएनडी मेटल एंड मैग्नेट्स, प्रोटेरियल (इंडिया) लिमिटेड, प्रोजील ग्रीन एनर्जी, रैंप मेटल्स एंड मिनरल्स, रिन्यू प्राइवेट लिमिटेड, शंकरनारायण कंस्ट्रक्शंस, सोलप्रो ग्रीनटेक और स्टारटेक फाइनेंस हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26 नवंबर, 2025 को 'सिंटर्ड दुर्लभ खनिज स्थायी चुंबक विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना' को मंजूरी दी थी। इसके लिए 7,280 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने 15 दिसंबर, 2025 को इस योजना की अधिसूचना जारी की थी। इस योजना के तहत अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) 20 मार्च, 2026 को केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल पर जारी किया गया था। इसके लिए पूर्व-बोली बैठक सात अप्रैल, 2026 को हुई थी और बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख 12 अगस्त, 2026 थी।

यह देश में अपनी तरह की पहली योजना है, जिसका उद्देश्य देश में कुल 6,000 टन सालाना क्षमता वाली एकीकृत दुर्लभ खनिज स्थायी चुंबक विनिर्माण इकाइयां स्थापित करना है। इससे भारत आत्मनिर्भरता बढ़ाने के साथ वैश्विक आरईपीएम बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा।

योजना के तहत वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से कुल क्षमता को पांच लाभार्थियों के बीच बांटा जाएगा। प्रत्येक लाभार्थी को अधिकतम 1,200 टन सालाना क्षमता आवंटित की जाएगी।

योजना की अवधि परियोजना आवंटन की तारीख से सात वर्षों तक है। इसमें एकीकृत आरईपीएम निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए दो वर्ष की तैयारी अवधि और आरईपीएम की बिक्री पर प्रोत्साहन राशि के वितरण के लिए पांच वर्ष शामिल हैं।

दुर्लभ खनिज स्थायी चुंबक दुनिया के सबसे शक्तिशाली चुंबक में शामिल हैं। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन, पवन टर्बाइन, उच्च तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा प्रणालियों में बड़े पैमाने पर होता है।

सरकार की इस योजना का उद्देश्य भारत में नियोडिमियम-प्रेसियोडिमियम (एनडीपीआर) ऑक्साइड से लेकर तैयार चुंबक तक पूरी मूल्य श्रृंखला विकसित करना और इस क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करना है।

## सेबी का मान्यता प्राप्त निवेशकों का दायरा बढ़ाने के लिए संपत्ति सीमा तय करने का प्रस्ताव..





नई दिल्ली, (भाषा)।

***बाजार नियामक सेबी ने मान्यता प्राप्त निवेशकों के दायरे को बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत पांच करोड़ रुपये की प्रतिभूति बाजार संपत्ति रखने वाले व्यक्ति और 20 करोड़ रुपये की ऐसी संपत्ति रखने वाली कंपनियां मान्यता प्राप्त निवेशक बनने के पात्र हो सकती हैं।***

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परामर्श पत्र में कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य मान्यता प्राप्त निवेशकों के समूह का विस्तार करना और वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है।

सेबी के अनुसार, इस प्रस्ताव से पात्र मान्यता प्राप्त निवेशकों की संख्या मौजूदा करीब एक लाख एआईएफनिवेशकों से बढ़कर लगभग चार लाख तक पहुंच सकती है।

नियामक ने बयान में कहा कि उसने मान्यता प्राप्त निवेशक बनने के लिए मौजूदा आय और नेटवर्थ आधारित मानदंडों के साथ प्रतिभूति बाजार संपत्ति को भी एक अतिरिक्त पात्रता मानदंड के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत व्यक्तियों के लिए पांच करोड़ रुपये और कंपनियों के लिए 20 करोड़ रुपये की सीमा तय की गई है। प्रस्तावित सीमा यह सुनिश्चित करेगी कि पात्र निवेशकों के पास पर्याप्त वित्तीय क्षमता हो और उनमें जोखिम लेने की इच्छा भी हो।

फिलहाल, व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), पारिवारिक ट्रस्ट और एकल स्वामित्व वाली कंपनियां तय आय या नेटवर्थ मानदंड पूरा करने पर मान्यता प्राप्त निवेशक बन सकती हैं।

मौजूदा नियमों के तहत पात्रता के लिए इनमें से कोई एक शर्त पूरी करनी होती है। ये शर्त हैं...सालाना कम से कम दो करोड़ रुपये की आय, कम से कम 7.5 करोड़ रुपये का नेटवर्थ, जिसमें 3.75 करोड़ रुपये वित्तीय संपत्तियां हों, या एक करोड़ रुपये की वार्षिक आय और पांच करोड़ रुपये का नेटवर्थ, जिसमें कम से कम 2.5 करोड़ रुपये वित्तीय संपत्तियां हों।

प्रस्तावित व्यवस्था में प्रतिभूति बाजार संपत्ति में शेयर, ऋण प्रतिभूतियां, रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट), बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट), एआईएफ इकाइयां और डीमैट रूप में रखी गई अन्य प्रतिभूतियों को शामिल किया जाएगा।

इसके अलावा म्यूचुअल फंड के माध्यम से किए गए निवेश, डीमैट रूप में रखी गई गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूतियां और विदेशों में प्रतिभूति बाजार में किए गए निवेश भी इसमें शामिल हैं।

सेबी ने मान्यता प्रक्रिया को आसान बनाने का भी प्रस्ताव दिया है। इसके तहत निवेश प्रबंधकों के माध्यम से समूह स्तर पर मान्यता देने की व्यवस्था शुरू की जा सकती है। यह मौजूदा मान्यता एजेंसी व्यवस्था के अतिरिक्त होगी। नियामक ने मान्यता की वैधता को नवीनतम दस्तावेजों के आधार पर तीन साल तक सीमित रखने का प्रस्ताव रखा है।

सेबी ने यह भी प्रस्ताव किया है कि निवेश प्रबंधक किसी निवेश उत्पाद में शामिल करते समय निवेशक की मान्यता स्थिति तय और दर्ज कर सकें। ऐसी मान्यता एआईएफ म्यूचुअल फंड के विशेष निवेश कोष (एसआईएफ) और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) जैसे निवेश माध्यमों में समूह स्तर पर मान्य हो सकती है। सेबी ने इन प्रस्तावों पर तीन सितंबर तक सुझाव मांगे हैं।

## सरकार की चार राज्यों में महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण पार्क स्थापित करने की योजना..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण के लिए चार समर्पित पार्क स्थापित करने की योजना बना रही है। इनका उद्देश्य बैटरी में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख खनिजों के प्रसंस्करण और उनसे जुड़े उद्योगों को तेजी से बढ़ावा देना है।***

खान सचिव केशव चंद्रा ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि इन पार्कों में अलग-अलग खनिजों पर आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी विकसित की जाएंगी। इनमें से कुछ पार्क लिथियम और निकेल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण पर विशेष ध्यान देंगे। बैटरी क्षेत्र के लिए इन दोनों खनिजों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके बाद अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, ''हम लिथियम और निकेल पर तेजी से काम कर रहे हैं, क्योंकि ये बैटरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक स्तर पर भविष्य की वृद्धि के लिए बैटरी सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है।'' चंद्रा ने कहा कि सरकार इन दोनों खनिजों के लिए जल्द ही उपाय पेश करेगी और इनके लिए निर्धारित पार्कों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्क में किसी एक निर्धारित खनिज के प्रसंस्करण से लेकर उससे जुड़े आगे के उद्योगों तक पूरी मूल्य श्रृंखला विकसित की जाएगी, ताकि एक ही स्थान पर उसका अधिकतम मूल्यवर्धन हो सके।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि इन खनिज प्रसंस्करण पार्कों की योजना और क्रियान्वयन राज्य सरकारें करेंगी, जबकि केंद्र उन्हें पूरा तकनीकी सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों और मुख्यमंत्रियों को सहयोग के लिए पहले ही पत्र लिख चुका है।

सरकार ने इससे पहले राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) को मंजूरी दी थी। इसके तहत सात साल में कुल 34,300 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना और हरित ऊर्जा की तरफ भारत के बदलाव को गति देना है। एनसीएमएम के लिए सरकार ने 16,300 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से 18,000 करोड़ रुपये का योगदान मिलने की उम्मीद है। मिशन के तहत देश के जमीनी और समुद्री क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा दिया जाएगा।

तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और दुर्लभ मृदा जैसे महत्वपूर्ण खनिज स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी कच्चा माल हैं। इनका इस्तेमाल पवन चक्की, बिजली नेटवर्क, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी निर्माण सहित कई क्षेत्रों में होता है।

## आयात लागत से कम दाम पर बिकवाली से खाद्य तेलों के दाम टूटे



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देशी खाद्य तेलों के मुकाबले सस्ता दाम बैठने के बावजूद आयातकों द्वारा आयात की लागत से नीचे दाम पर की जा रही बिकवाली के कारण यहां बृहस्पतिवार को सोयाबीन तेल तथा कच्चे पामतेल (सीपीओ)*** एवं पामोलीन जैसे आयातित खाद्य तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। प्लांट वालों द्वारा दाम में घट-बढ़ किये जाने से सोयाबीन तिलहन में भी गिरावट रही।

दूसरी ओर, ब्रांडेड कंपनियों की मांग बढ़ने और उपलब्धता कम होने की वजह से बिनौला तेल के दाम में सुधार देखने को मिला। ऊंचे दाम पर लिवाली कमजोर रहने के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

मलेशिया एक्सचेंज दोपहर सुधार के साथ बंद हुआ। जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातित तेल, देशी खाद्य तेलों के मुकाबले 22-28 रुपये किलो सस्ता बैठता है। इसके बावजूद आयातकों की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली करने से आयातित खाद्य तेलों में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट उस देश में हो रही है जो अपनी खाद्य तेलों की जरूरत पूरी करने के लिए लगभग 60 प्रतिशत आयात पर निर्भर है।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति आयातकों की आर्थिक तंगहाली का सूचक है जो बैंकों का अपना कर्ज घुमाने और ऋण साखपत्र को चलाते रहने के लिए लागत से नीचे औने-पौने दाम पर आयातित खाद्य तेल बेच देते हैं। इस ओर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

देश में विशेषकर महाराष्ट्र में प्लांट वाले नाफेड और किसानों से सोयाबीन सस्ते में खरीदने के मकसद से दाम घटाते बढ़ाते हैं। इस वजह से सोयाबीन तिलहन में भी गिरावट देखी जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम की वजह से लिवाली प्रभावित रहने की वजह से सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे...

सरसों तिलहन - 8,325-8,375 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,450-8,025 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,250 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,710-3,010 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,775 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,730-2,830 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,730-2,880 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,675 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,525 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,700 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 17,050 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,325 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,100-7,150 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,950-7,050 रुपये प्रति क्विंटल।

## भारत को 2047 तक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए केंद्रित रणनीति की जरूरतः नीति आयोग..





नई दिल्ली, (भाषा)।

***नीति आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन, प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकरण पर केंद्रित रणनीति*** की जरूरत होगी। नीति आयोग ने 'भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए प्रमुख क्षेत्र' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में रसायन, कपड़ा, दूरसंचार एवं नेटवर्क उपकरण तथा सौर पीवी विनिर्माण को औद्योगिक वृद्धि में तेजी लाने वाले चार प्रमुख क्षेत्रों के रूप में चिन्हित किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों के जरिये रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी क्षमताओं में सुधार, आत्मनिर्भरता मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत की मौजूदगी बढ़ाने के अवसर हैं।

आयोग ने कहा कि भारत के पास बड़ा घरेलू बाजार, अनुकूल जनसांख्यिकीय स्थिति, बेहतर नीतिगत माहौल, बुनियादी ढांचे में बढ़ता निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने में बढ़ती वैश्विक रुचि जैसे फायदे हैं।

हालांकि, सिर्फ इन फायदों के सहारे वैश्विक नेतृत्व नहीं हासिल किया जा सकता है। महत्वपूर्ण कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भरता, बिखंडित आपूर्ति श्रृंखलाएं, बुनियादी ढांचे एवं लॉजिस्टिक की कमियां, घरेलू स्तर पर कम मूल्यवर्धन, प्रौद्योगिकी से जुड़ी सीमाएं और कुशल कामगारों की कमी विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित कर रही हैं।

नीति आयोग ने कहा कि इन बाधाओं को दूर करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, वित्तीय संस्थानों तथा नवाचार से जुड़े व्यापक तंत्र को मिलकर काम करना होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को केवल उत्पादों की असेंबलिंग या कम मूल्य वाले विनिर्माण तक सीमित रहने के बजाय मूल्य श्रृंखला में अधिक गहराई और मजबूती से भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है।

रसायन क्षेत्र के संबंध में रिपोर्ट में घरेलू स्तर पर कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने, एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर विकसित करने और आगे के स्तर पर मूल्यवर्धन बढ़ाने को प्राथमिकता देने की बात कही गई है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, ''भारत अपने आर्थिक और औद्योगिक विकास की यात्रा के एक महत्वपूर्ण दौर में है। 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य की तरफ बढ़ने के साथ विनिर्माण भविष्य की वृद्धि की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''

उन्होंने कहा कि दुनिया की प्रमुख औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के अनुभव से पता चलता है कि निरंतर आर्थिक बदलाव के लिए मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण आधार जरूरी है। लाहिड़ी ने कहा कि विनिर्माण निवेश, नवाचार और निर्यात को बढ़ावा देने के साथ गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करता है, उत्पादकता बढ़ाता है और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करता है।

## जुलाई की मजबूत निर्यात वृद्धि सकारात्मक संकेत, बढ़ते आयात खर्च पर ध्यान जरूरीः फियो

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वैश्विक अनिश्चितताओं, पोत परिवहन और लॉजिस्टिक बाधाओं के बीच जुलाई में 19 प्रतिशत की मजबूत निर्यात वृद्धि एक सकारात्मक संकेत है लेकिन देश को बढ़ते आयात बिल और व्यापार घाटे पर भी ध्यान देने की जरूरत है। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।***

देश का वस्तु निर्यात जुलाई में 19.63 प्रतिशत बढ़कर 44.24 अरब डॉलर हो गया। निर्यात में यह वृद्धि जून, 2022 की 30.12 प्रतिशत वृद्धि के बाद सबसे अधिक रही।

निर्यातक संगठनों का महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा, ''जुलाई में वस्तु निर्यात में 19 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि भारतीय निर्यातकों की मजबूती, प्रतिस्पर्धी क्षमता और हालात के हिसाब से ढलने की क्षमता को दर्शाती है।'' रल्हन ने कहा, ''गैर-पेट्रोलियम निर्यात में 12.79 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि भारत के निर्यात क्षेत्र के आंतरिक मजबूती और विविधीकरण का एक महत्वपूर्ण संकेत देती है। इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, रसायन, कपड़ा जैसे क्षेत्र इस गति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।''

उन्होंने यह भी कहा कि एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) और श्रम गहन क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने से निर्यात वृद्धि को अधिक रोजगार और व्यापक आर्थिक लाभ में बदलने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, रल्हन ने कहा कि बढ़ते आयात बिल और व्यापार घाटे पर भी ध्यान देने की जरूरत है। कच्चे तेल के आयात में वृद्धि से जुलाई में आयात सालाना आधार पर करीब 17.52 प्रतिशत बढ़कर 76.22 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा छह महीने के उच्च स्तर 31.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

रल्हन ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, पोत परिवहन में बाधा, माल भाड़े में उतार-चढ़ाव और बदलती व्यापार नीतियां वैश्विक व्यापार में बड़े जोखिम बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि निर्यात के लिए सही और प्रतिस्पर्धी कर्ज उपलब्ध कराने, कार्यशील पूंजी सुलभ कराने, व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेज करने के साथ पोत परिवहन तथा लॉजिस्टिक की चुनौतियों के साथ बाजार विविधीकरण पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
9 शुक्रवार 14 अगस्त 2026
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

बिनोरा में अखंड रामायण पाठ समापन अवसर..

# दिया, शिक्षा, स्वास्थ, धर्म नीति और संस्कारों का दिया संदेश..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी किरनापुर क्षेत्र के ग्राम बिनोरा में अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम सावन माह के पावन अवसर पर ग्राम बिनोरा में बाजार चौक में 12अगस्त से 13 अगस्त स्थानीय नागरिकों***

एवं ग्राम समितियों और अभिनंदन लाइफ़ फाउंडेशन के सहयोग से अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर धर्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## स्वास्थ शिविर एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर..

कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर बाहेकर हॉस्पिटल गोंदिया एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। नेत्र जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई और मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## जैविक खेती करे अपने परिवार के लिए..

इस दौरान किसानों को जैविक खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन के विभिन्न तरीकों की भी जानकारी दी गई।

## पर्यावरण ही हमारा जीवन है पेड़ पौधा लगाओ..

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य भी तैयार करते हैं।

## निरंतर प्रयास से ही शिक्षा में सफलता मिलेगी..

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी गई।

## हवन यज्ञ मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न..

कार्यक्रम के समापन अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए हवन-यज्ञ में ग्रामीणों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

## धर्म और स्वास्थ शिक्षा पर्यावरण का संगम..

अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ के माध्यम से ग्राम बिनोरा में धर्म, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# हर घर तिरंगा अभियानः विधायक करहिे के नेतृत्व में किरनापुर से लांजी तक निकली तिरंगा यात्रा..









जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देने तथा देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से 13 अगस्त 2026 को लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र***

में भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा शोभायात्रा निकाली गई। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन तथा विधायक राजकुमार करहिे के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में क्षेत्रवासियों ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। भव्य तिरंगा शोभायात्रा का शुभारंभ मां किरनाई मंदिर से हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, लोगों की संख्या भी बढ़ती गई और पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से आम नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ ही देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। आयोजन में युवाओं और नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, देशसेवा और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिखाई दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति के गीतों और नारों के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। बड़े-बुजुर्गों से लेकर युवाओं और मातृशक्ति तक सभी वर्गों की भागीदारी ने आयोजन को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। तिरंगा शोभायात्रा दादा कोटेश्वरनाथ की नगरी लांजी के सुभाष चौक पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयघोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। तिरंगा शोभायात्रा में क्षेत्र के सम्मानित बड़े-बुजुर्गों, युवाओं, मातृशक्ति, कार्यकर्ताओं एवं देशप्रेमी नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों में तिरंगे को लेकर उत्साह और सम्मान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। पूरे आयोजन के दौरान राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम का माहौल बना रहा। आयोजन के अंत में विधायक राजकुमार करहिे एवं आयोजनकर्ताओं की ओर से तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने वाले ऐसे आयोजनों में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता देश की एकता और अखंडता को और मजबूती प्रदान करती है।




# तिरंगा यात्राः किरनापुर के किरनाई मंदिर से लांजी कोटेश्वर धाम के लिए रवाना हुई भाजपा की विशाल बाइक रैली..








जगप्रेरणा किरनापुर।

***स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधायक के नेतृत्व में एक भव्य 'तिरंगा यात्रा' बाइक रैली का आयोजन किया गया।***

देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयकारों के बीच यह रैली किरनापुर स्थित प्रसिद्ध किरनाई मंदिर से विधि-विधान एवं उत्साह के साथ प्रारंभ हुई।

हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा थामे सैकड़ों कार्यकर्ताओं और युवाओं का हुजूम जब सड़कों पर निकला, तो पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के गूंजते उद्घोष के साथ यह विशाल बाइक रैली किरनापुर से होते हुए लांजी स्थित ऐतिहासिक कोटेश्वर धाम के लिए आगे बढ़ी।

## देशभक्ति और जन-जागरण का संदेश..

यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजनों में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना तथा हर नागरिक को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है। रैली का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर और भारत माता के जयकारे लगाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

किरनापुर से प्रारंभ हुई यह तिरंगा बाइक रैली लांजी के कोटेश्वर धाम पहुँचकर राष्ट्रगान और अमर शहीदों के स्मरण के साथ संपन्न होगी। आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज का संदेश, हर घर स्वच्छता, हर घर तिरंगा..



जगप्रेरणा लांजी।

***स्वतंत्रता दिवस की आहट के साथ पूरा जिला देशभक्ति के रंग में रंगता नजर आ रहा है। कहीं तिरंगा रैलियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जा रहा है,***

तो कहीं रचनात्मक आयोजनों के जरिए विद्यार्थियों और आमजन में देश के प्रति गौरव की भावना जगाई जा रही है। इसी कड़ी में श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफटेक्नोलॉजी, लांजी में भी 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तिरंगे की शान, देशभक्ति के नारों और स्वच्छता के संदेश के साथ निकली रैली ने नगर में स्वतंत्रता उत्सव का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया।

उच्च शासन के निर्देशानुसार 'स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त 2026 को महाविद्यालय परिसर से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, बस स्टैंड लांजी तथा नगर परिषद लांजी के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। हाथों में लहराता तिरंगा और देशभक्ति से ओतप्रोत नारों ने पूरे वातावरण में राष्ट्रप्रेम की ऊर्जा भर दी। इस दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'हर घर तिरंगा' जैसे ओजपूर्ण नारों से नगर गूंज उठा। रैली के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने के साथ-साथ आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए तिरंगा रंगोली एवं तिरंगा राखी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से तिरंगे के तीनों रंगों और राष्ट्रप्रेम की भावना को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। परिसर में बनाए गए रंग-बिरंगे तिरंगा डिजाइन स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को और जीवंत करते नजर आए। इसके साथ ही महाविद्यालय में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर स्वतंत्रता उत्सव की यादों को संजोया। पूरे आयोजन के दौरान महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। इस आयोजन ने यह संदेश भी दिया कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने का अवसर भी है। तिरंगे के सम्मान के साथ स्वच्छता को अपनाने का संदेश विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, छात्र-छात्राओं तथा समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने उत्साह और अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। आयोजन के माध्यम से महाविद्यालय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम, स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

# स. शि. म. में संस्कृति बोध परियोजना पर हुई संगोष्ठी

**भैया बहनों की पसंदीदा रुचि और उनके अनुभव पर किया वार्तालाप..**







जगप्रेरणा लांजी।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लांजी में संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संस्कृति बोध परियोजना अभियान प्रमुख, विद्या भारती मध्य क्षेत्र, राकेश दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विभाग समन्वयक एवं प्रांतीय संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख मनोज पुरी गोस्वामी, सचिव एवं संघ चालक विजय रामटेक्कर, खंड कार्यवाह लांजी योगेंद्र दहिकर तथा विद्यालय के प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण तथा मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात वाणी वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का परिचय कराया गया और उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति की ओर से राकेश दुबे एवं मनोज पुरी गोस्वामी का शाल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। वंदना सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राकेश दुबे ने भारतीय संस्कृति, रुचियों, पसंदीदा गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के अनुभवों पर संवाद किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में परीक्षा में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वयं परीक्षा में सम्मिलित होने के साथ-साथ अपने सहपाठियों, पड़ोस के विद्यार्थियों तथा अन्य विद्यालयों के छात्रों को भी इस परीक्षा से जोड़ने का प्रयास करें। मनोज पुरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन-मूल्यों से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलता है। यह परीक्षा विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ उनमें भारतीय जीवन-पद्धति के प्रति गौरव की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पालकों, पूर्व छात्रों, समिति सदस्यों एवं आचार्य परिवार को भी संस्कृति बोध परियोजना एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सभी से परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने मुख्य अतिथि, समिति सदस्यों, पूर्व छात्रों, पालकगण, आचार्य परिवार एवं विद्यार्थियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अतिथियों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी लोगों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति नई प्रेरणा एवं जागरूकता का संचार हुआ है। संगोष्ठी का आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि, गौरव एवं संस्कारों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नारायणगंज BEO कार्यालय में लोकायुक्त का छापा, 5 हजार रू. रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार



जगप्रेरणा मंडला/नारायणगंज।

***मंडला जिले के नारायणगंज विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरुवार सुबह जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने बड़ी ट्रैप कार्रवाई करते हुए***

एक बाबू को ₹5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद कार्यालय में हड़कंप की स्थिति बन गई। लोकायुक्त के शिकंजे में आए कर्मचारी की पहचान नोखे लाल बेलिया के रूप में बताई जा रही है, जो विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारायणगंज में पदस्थ हैं।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता दशरथ लाल बरमैया को अपना जीपीएफ (सामान्य भविष्य निधि) का करीब एक लाख रुपए निकालना था। आरोप है कि जीपीएफकी राशि जारी करने के एवज में बाबू द्वारा उनसे 10 हजार रू. रिश्वत की मांग की गई थी। रिश्वत की मांग से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने मामले की शिकायत जबलपुर लोकायुक्त से की।

शिकायत का सत्यापन कराने के बाद लोकायुक्त टीम ने गुरुवार सुबह नारायणगंज स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने जैसे ही रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 हजार बाबू नोखे लाल बेलिया को दिए, पहले से तैयार लोकायुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त टीम द्वारा रिश्वत की रकम से जुड़े साक्ष्यों के साथ कार्यालयीन दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। फिलहाल मामले में लोकायुक्त की कार्रवाई जारी है।

### 10 हजार रू. की मांग, 5 हजार रू. लेते पकड़ा गया..

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जीपीएफ की करीब एक लाख रुपए की राशि निकालने के एवज में 10 हजार रू. की रिश्वत मांगे जाने का आरोप है। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए कथित रिश्वत की पहली किस्त 5 हजार लेते कर्मचारी को गिरफ्तार किया।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा मंडला, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर








जगप्रेरणा मंडला।

***स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंडला में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शहर सहित जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।***

हाथों में तिरंगा और जुबां पर 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम' के जयघोष के साथ पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। पुलिस ग्राउंड से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, युवा, विद्यार्थी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और आम नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति गीतों और नारों के बीच आगे बढ़ रही यात्रा में जनजातीय संस्कृति की मनोहारी झलक भी देखने को मिली। युवाओं और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह रहा।

### शहीदों के बलिदान को याद करने का अवसर: मंत्री उइके

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह हमें उन वीर शहीदों के त्याग, तपस्या और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के त्याग और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि तिरंगे का सम्मान प्रत्येक नागरिक का गौरव और दायित्व है। मंडला की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब देश की एकता और राष्ट्रध्वज के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाता है। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने तथा देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### शहीद उदयचंद जैन को किया नमन..

तिरंगा यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए उदय चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यहां वीर शहीद उदयचंद जैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ। राष्ट्रगान के दौरान उपस्थित लोगों ने सम्मानपूर्वक खड़े होकर राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी, सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी, एएसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# निवास के स्कूल-छात्रावासों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण..





जगप्रेरणा मंडला।

***शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के अधिकारियों के दल ने बुधवार को निवास विकासखंड के विभिन्न***

विद्यालयों एवं छात्रावासों का निरीक्षण किया। दल में समग्र शिक्षा अभियान के सहायक परियोजना समन्वयक मुकेश पांडे, लोक शिक्षण संचालनालय के अशासकीय सदस्य अरविंद शर्मा तथा प्रोजेक्ट संकल्प के तकनीकी विशेषज्ञ राकेश चौरसिया शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील दुबे सहित संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य मौजूद रहे।

### कस्तूरबा छात्रावास में व्यवस्थाओं पर जोर..

निरीक्षण दल ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में छात्राओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा आईसीटी लैब का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सितंबर से छात्राओं के लिए निशुल्क कोचिंग, रिमेडियल कक्षाएं और आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू करने को कहा गया।

### सांदीपनि विद्यालय में अधूरे भवन पर नाराजगी..

सांदीपनि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान नए भवन का करीब 20 प्रतिशत कार्य अधूरा पाए जाने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। पीआईयू को निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में वरिष्ठ स्तर पर पत्राचार कर कार्य में तेजी लाने का आश्वासन भी दिया गया। अधिकारियों ने विद्यालय के स्टाफ को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की हिदायत दी।

### कमजोर विद्यार्थियों के लिए रिमेडियल कक्षाएं..

परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान सी और डी ग्रेड वाले विद्यार्थियों के लिए नियमित रिमेडियल कक्षाएं संचालित करने पर जोर दिया गया। साथ ही जेईई और नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण दल ने विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन, ड्रॉपआउट रोकने, अपार आईडी जनरेशन, जीईआर बढ़ाने तथा सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ उनकी समग्र शिक्षा और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

# बिछिया में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, डेयरी और दुकानों से लिए गए सैंपल..







जगप्रेरणा मंडला।

***मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बिछिया तहसील क्षेत्र में विभिन्न दुकानों***

और डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### पटेल डेयरी से दूध, क्रीम और खोवा के नमूने..

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने 12 अगस्त को बिछिया क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। कार्रवाई के दौरान पटेल डेयरी, बिछिया से क्रीम, गाय का दूध और खोवा के नमूने लिए गए। वहीं गायत्री ट्रेडर्स, सिझोरा से खसखस, काली मिर्च और राई के नमूने संग्रहित किए गए। माँ नर्मदा डेयरी एवं बेकरी से पनीर और घी के सैंपल लिए गए।


### रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई..

सभी खाद्य नमूनों को नियमानुसार सील कर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट, अमानकता या अन्य अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित विक्रेता या संस्थान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफजांच और कार्रवाई का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# चरगांव में मिले प्राचीन अवशेष, पुरातात्विक सर्वेक्षण हुआ शुरू..





जगप्रेरणा मंडला।

***जिले के ग्राम चरगांव में खेतों और नदी तट के समीप प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व के अवशेष मिलने की सूचना के बाद पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विभाग ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।***

क्षेत्र में लाल मिट्टी के प्राचीन मृद्भांडों के टुकड़े, टेराकोटा अवशेष और पत्थरों पर प्राचीन चरण-चिह्न मिलने की जानकारी सामने आई है। मामले की वैज्ञानिक जांच और क्षेत्र के संभावित पुरातात्विक महत्व का आकलन करने के लिए मध्यप्रदेश हेरिटेज डेवलपमेंट ट्रस्ट के माध्यम से भोपाल की मेसर्स कोलार डायनामिक्स को पुरातात्विक रीकॉनिसेंस सर्वे, प्रारंभिक अन्वेषण, हेरिटेज डॉक्यूमेंटेशन और वैज्ञानिक-तकनीकी मूल्यांकन का कार्य सौंपा गया है।

### विशेषज्ञ टीम कर रही स्थल का निरीक्षण..

कोलार डायनामिक्स की विशेषज्ञ टीम चरगांव पहुंचकर संभावित पुरातात्विक स्थलों और वहां उपलब्ध अवशेषों का स्थल निरीक्षण कर रही है। टीम अवशेषों की प्रकृति, उनके फैलाव, भौगोलिक स्थिति और वर्तमान स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण कर रही है। सर्वेक्षण के दौरान खेतों, नदी तट और पत्थरों पर बने चिह्नों समेत आसपास मौजूद संभावित पुरातात्विक साक्ष्यों का अध्ययन किया जा रहा है। इसके लिए जीपीएस सर्वे, जियो-टैगिंग, साइट मैपिंग के साथ फोटो और वीडियो डॉक्यूमेंटेशन के जरिए तकनीकी आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

### रिपोर्ट के बाद तय होगी आगे की कार्रवाई..

सर्वेक्षण और वैज्ञानिक मूल्यांकन पूरा होने के बाद स्थल के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व, संरक्षण की आवश्यकता और आगे की कार्रवाई को लेकर विस्तृत तकनीकी अनुशंसा रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सर्वेक्षण कार्य में जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से भी आवश्यक जानकारी एवं सहयोग लिया जा रहा है।यदि जांच में इन अवशेषों की प्राचीनता और पुरातात्विक महत्व की पुष्टि होती है, तो चरगांव क्षेत्र के इतिहास और पुरातात्विक विरासत को लेकर आगे महत्वपूर्ण पहल की उम्मीद है।

# हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, करीब 70 पौधों का किया वितरण..






जगप्रेरणा मंडला।

***हरियाली अमावस्या के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला मंडला के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाली उत्सव मनाया गया।***

नवांकुर संस्था आदिवासी बैगा विकास समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त आयोजन में अमगवां स्थित खेरमाई माता मंदिर में नवांकुर सखियों की संगोष्ठी आयोजित की गई। इसके बाद सखियों ने हरियाली यात्रा निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने कहा कि जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना के तहत नवांकुर सखियां पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण तथा महिलाओं को सामाजिक विकास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार से एक महिला को सखी के रूप में जोड़कर पौधे तैयार करने, उनका रोपण करने और विशेष अवसरों पर उनकी देखरेख की जिम्मेदारी दी जाती है।

परामर्शदात्री रागिनी हरदहा ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के महत्व पर विचार व्यक्त किए। वहीं आदिवासी बैगा विकास समिति की अध्यक्ष गंगोत्री बडगैंया ने नवांकुर सखियों को करीब 70 पौधे वितरित किए। उन्होंने ग्रामीणों को 'हर घर तिरंगा' एवं 'घर-घर तिरंगा' अभियान के साथ राष्ट्रीय जन उत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव गंगाराम कौशिक, तारा महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या सिंगरौरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। आयोजन के दौरान पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# स्वतंत्रता दिवस की दहलीज पर भी विद्यार्थी 'जूते-मोजे' से वंचित..

## शैक्षणिक सत्र शुरू हुए डेढ़ माह बीता, शासन की योजना के लाभ की विद्यार्थियों को प्रतीक्षा..

### जूते-मोजे तत्काल वितरित करने की महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति की मांग..



जगप्रेरणा आमगांव।

*जिले के जिला परिषद स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू हुए लगभग डेढ़ माह बीत चुका है, इसके बावजूद विद्यार्थियों को शासन की ओर से मिलने वाले जूते और मोजे अब तक वितरित नहीं किए गए हैं।*

इससे विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावकों में भी तीव्र नाराजगी व्यक्त की जा रही है और शिक्षा विभाग की नियोजन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। शासन की ओर से जिला परिषद स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसमावेशी शिक्षा के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणाएं की जाती हैं।

लेकिन शैक्षणिक सत्र शुरू होने के काफी समय बाद भी विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधा के रूप में मिलने वाले जूते-मोजे उपलब्ध नहीं होने से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन आखिर कब होगा?, ऐसा सवाल अभिभावकों द्वारा उठाया जा रहा है।



**बोले जिलाध्यक्ष शिक्षक समिति, संदीप तिडके..**

'विद्यार्थियों को शासन की सुविधाओं के लिए बार-बार प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वतंत्रता दिवस की दहलीज पर भी विद्यार्थियों का जूते-मोजे से वंचित रहना गंभीर विषय है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित को ध्यान में रखते हुए शासन तत्काल सकारात्मक निर्णय लेकर जूते-मोजे उपलब्ध कराए।'

### 15 अगस्त नजदीक, फिर भी विद्यार्थियों की प्रतीक्षा कायम..

स्वतंत्रता दिवस अब कुछ ही दिनों में आने वाला है। स्कूलों में ध्वजारोहण एवं विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू हैं, लेकिन अनेक विद्यार्थी अब भी शासन की जूते-मोजे योजना के लाभ से वंचित हैं। शासन की सुविधाओं के लिए विद्यार्थियों को इतनी लंबी प्रतीक्षा क्यों करनी पड़ रही है, इसे लेकर अभिभावकों में नाराजगी है।

### 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' के साथ मूलभूत सुविधाएं भी जरूरी..

एक ओर शासन द्वारा 'गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसमावेशी शिक्षा' देने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों की मूलभूत जरूरतों की अनदेखी होने की भावना निर्माण हो रही है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित से जुड़ी प्रत्येक सुविधा को शासन द्वारा गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है। विद्यार्थियों के पैरों में जूते होंगे, तभी उनके शैक्षणिक सफर को सुरक्षा और सम्मान की राह मिलेगी। इसलिए जूते-मोजे वितरण में हो रही देरी को दूर कर विद्यार्थियों को तत्काल यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ऐसी मांग जोर पकड़ रही है।

### शासन तत्काल सकारात्मक निर्णय ले..

महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति, गोंदिया जिला की ओर से विद्यार्थियों को जूते-मोजे तत्काल उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की गई है।

# मौत भी हुई महंगी: सालेकसा में सरकारी जलाऊ लकड़ी की भारी किल्लत..

जगप्रेरणा प्रा राकेश रोकडे
सालेकसा।

*सालेकसा वन परिक्षेत्र कार्यालय (प्रादेशिक) के माध्यम से शहर एवं आसपास के नागरिकों को अंतिम संस्कार के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के लिए*



सरकारी दरों पर उपलब्ध कराई जाने वाली जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति फिलहाल बंद है। इसके कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से किसी परिवार में मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था करना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

इस गंभीर समस्या को देखते हुए नगराध्यक्ष विजय फुंडे ने वन परिक्षेत्र अधिकारी से मांग की है कि प्रशासनिक स्तर पर तत्काल आवश्यक कदम उठाकर जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति पुनः शुरू की जाए।

### गरीब और जरूरतमंद परिवारों पर दोहरी मार..

सालेकसा वन परिक्षेत्र कार्यालय द्वारा पूर्व में सरकारी नियमों के अनुसार आम नागरिकों, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को अंतिम संस्कार तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराई जाती थी। वन विभाग की यह जनहितकारी सेवा तालुका के अनेक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत थी।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों से सालेकसा स्थित लकड़ी डिपो को डोंगरगांव स्थित डिपो में स्थानांतरित किए जाने के कारण सालेकसा में जलाऊ लकड़ी की उपलब्धता प्रभावित हुई है और यह सेवा लगभग बंद हो गई है।

### दुख की घड़ी में आर्थिक और मानसिक परेशानी..

परिवार में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए तत्काल लकड़ी की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी स्तर पर लकड़ी उपलब्ध न हो तो परिजनों को निजी बाजार से महंगे दामों पर लकड़ी खरीदनी पड़ती है अथवा उसकी व्यवस्था के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इससे पहले से ही दुख और तनाव में डूबे परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक एवं मानसिक बोझ पड़ता है।

सालेकसा और आमगांव खुर्द क्षेत्र में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण अनेक नागरिकों के पास पहले की तरह लकड़ी का भंडारण उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में अचानक मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए सरकारी स्तर पर लकड़ी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होना आवश्यक है। नगर पंचायत सालेकसा के गटनेता संदीप डेकाटे ने कहा कि, 'अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध न होना नागरिकों के लिए बेहद कष्टदायक स्थिति है। वन विभाग को इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए तत्काल आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करनी चाहिए और जलाऊ लकड़ी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराना चाहिए। यह जनहितकारी सेवा पुनः शुरू होने से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा वन विभाग के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा।

वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के शहर अध्यक्ष ब्रिजभूषण बैस ने कहा कि, 'सालेकसा और आमगांव खुर्द क्षेत्र में धीरे-धीरे शहरीकरण हो रहा है। ऐसे में नागरिकों के पास जलाऊ लकड़ी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध नहीं रहता। यदि किसी परिवार में अचानक मृत्यु हो जाए तो अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की तत्काल आवश्यकता होती है। इसलिए सरकारी डिपो में पर्याप्त लकड़ी का स्टॉक उपलब्ध रहना आवश्यक है, ताकि दुख की घड़ी में परिजनों को लकड़ी के लिए भटकना न पड़े। वन विभाग एवं स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन को इस दिशा में तत्काल आवश्यक कदम उठाने चाहिए।'

नागरिकों ने भी मांग की है कि सालेकसा में वन विभाग के माध्यम से जलाऊ लकड़ी की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील परिस्थिति में किसी भी परिवार को लकड़ी के लिए दर-दर भटकना न पड़े।

# साखरीटोला में गणित शिक्षक की सेवा संलग्नता पर ग्रामीणों में रोष..

### विद्यार्थियों के शैक्षणिक नुकसान का हवाला देते हुए प्रधान सचिव रणजीत सिंह देवल को सौंपेंगे निवेदन..




जगप्रेरणा सालेकसा।

जिला परिषद हाईस्कूल साखरीटोला में गणित शिक्षक की कमी के कारण विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान हो रहा है। इसी बीच स्कूल में नियुक्त शिक्षण सेवक कु. शारदा धवादपाडे को शिक्षण सेवक काल के दौरान साखरीटोला से सेवा संलग्नता के माध्यम से जिला परिषद हाईस्कूल गोरेगांव भेजे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गोरेगांव में गणित विषय के लिए पहले से ही पर्याप्त शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद यह सेवा संलग्नता की गई है।

जानकारी के अनुसार, गोरेगांव में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के लिए गणित विषय के तीन शिक्षक पहले से कार्यरत हैं, जबकि साखरीटोला हाईस्कूल में गणित शिक्षक की आवश्यकता है। ऐसे में साखरीटोला में नियुक्त शिक्षिका को गोरेगांव भेजे जाने से यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को भारी शैक्षणिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



इस मामले को लेकर स्कूल समिति की अध्यक्षा श्रीमती वंदना ताई काळे, सरपंच तथा ग्रामवासियों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं शिक्षाधिकारी से कई बार मुलाकात कर सेवा संलग्नता आदेश रद्द करने तथा शिक्षिका को साखरीटोला में पुनः कार्यभार ग्रहण कराने की मांग की गई। आदेश रद्द किए जाने के बावजूद संबंधित शिक्षिका अब तक साखरीटोला में रुजू नहीं हुई हैं। वहीं, गोरेगांव के प्रभारी मुख्याध्यापक द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नहीं किए जाने की बात भी सामने आई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में किसी प्रकार का राजनीतिक दबाव होने की आशंका है। हालांकि इस संबंध में अधिकारियों की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक एवं राजनीतिक खींचतान के बीच सबसे अधिक नुकसान साखरीटोला के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों का हो रहा है।

### अब प्रधान सचिव से हस्तक्षेप की मांग..

गोंदिया के संबंधित अधिकारियों से बार-बार संपर्क करने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से अब स्कूल समिति अध्यक्षा श्रीमती वंदना ताई काळे, जिला परिषद सदस्य, सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा इस मामले को उच्च स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया गया है। प्रधान सचिव शिक्षा श्री रणजीत सिंह देवल दो दिवसीय गोंदिया दौरे पर हैं। इस दौरान उन्हें निवेदन सौंपकर पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने, सेवा संलग्नता प्रकरण की जांच कराने तथा साखरीटोला हाईस्कूल में गणित शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए इस मामले में जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आगे की भूमिका तय करेंगे।

# जी. के. कला एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान



जगप्रेरणा सालेकसा।

जी.के. कला एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, कावराबांध, सालेकसा में एन.टी.एफ एवं ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय, सालेकसा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रा. प्रतिमा यादव ने की। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. वीरेंद्र पटले ने रखी। प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय, सालेकसा केंद्र की सविता दीदी, बहेकार दीदी, ममता दीदी, हटवार दीदी तथा झनक गोराडे ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, व्यसन के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान तथा नशामुक्त जीवन के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर एन.टी.एफ प्रमुख प्रा. परमेश्वर नागरगोजे की विशेष उपस्थिति रही। मार्गदर्शकों ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सकारात्मक एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रा. के.डी. फुंडे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी ने सहयोग प्रदान किया।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### दिनदहाडे पैसे की थैली लेकर दो लुटेरे फरार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत लुटमारी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/8/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान शिरपुर चौक मे फर्यादी तेजराम श्रीराम चुटे उम्र 55 वर्ष निवासी कुंभारटोला घटना समय के दरम्यान पोस्टे ऑफिस देवरी गये। वहा से 70 हजार रुपये निकालकर अपनी लुना से वापस आ रहे थे। रास्ते मे दो अज्ञात लोगो ने पैसे की थैली छिनकर फरार हो गये, फर्यादी के दिये बयान पर दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 294/2026 धारा 304,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ कोरोडे पोस्टे देवरी कर रहे है।

### रोड पार करते समय अज्ञात मोटरसायकल चालक ने मारी बुर्जुर्ग को ठोस मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/8/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान सालेकसा मे फर्यादी अरुण सदाशिव बनोठे उम्र 29 वर्ष निवासी मोहाटोला के दादाजी कावराबांध सालेकसा रोड पार कर रहे थे। उस समय अज्ञात मोटरसायकल चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर फर्यादी के दादा को ठोस मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर अज्ञात मोटरसायकल चालक के खिलाफपोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 385/2026 धारा 281,125, अ,125, बी, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ डोंगरे पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### तार की बाडी बनाने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/8/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान काटी मे फर्यादी मंगलदास शिवलाल पटले उम्र 72 वर्ष निवासी काटी और आरोपी पडोस मे ही रहते है। घटना के दिन फर्यादी अपने खेत मे जानवरो की रोकथाम के लिये बाडी बना रहा था। जहा आरोपी ने आकर कहा यहा बाडी मत बना नही तो तुझे मार दूंगा बोलकर लकड़ी से हाथ पैर पर मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 398/2026 धारा 118,1,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बघेले पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

# के.के. इंग्लिश प्राइमरी स्कूल में स्कूल काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न..



जगप्रेरणा आमगांव।

*के.के. इंग्लिश प्राइमरी स्कूल में स्कूल काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित स्कूल काउंसिल के पदाधिकारियों ने विद्यालय की अनुशासन, मूल्यों एवं जिम्मेदारियों का पालन करते हुए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली।*

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री सचिन कटले सर, पुलिस उपनिरीक्षक, आमगांव, श्रीमती सत्या चिपे, महिला पुलिस हवलदार, तथा मानकर इंस्टीट्यूशन के सलाकार श्री डॉ. डी.के. संगी सर उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती रीना भुते, समस्त शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। नवनिर्वाचित विद्यार्थियों ने नेतृत्व गुण, अनुशासन, सहयोग एवं जिम्मेदारी की भावना को आत्मसात करते हुए विद्यालय की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संकल्प लिया।

'नेतृत्व की नई जिम्मेदारी, विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक नई शुरुआत' इस भावना के साथ शपथ ग्रहण समारोह उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सावली स्कूल की ओर से नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी गणेश टाकसाले का सत्कार



### स्कूल परिसर एवं विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों की खंड शिक्षा अधिकारी ने की सराहना..

जगप्रेरणा आमगांव।

जिला परिषद आदर्श स्कूल सावली में नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी गणेश टाकसाले का स्कूल की ओर से सत्कार किया गया। इस अवसर पर स्कूल में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित की जाने वाली सहशैक्षणिक गतिविधियों तथा स्कूल परिसर के सौंदर्यीकरण की जानकारी उन्हें दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी गणेश टाकसाले ने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर की स्वच्छता, आकर्षक साज-सज्जा, विद्यार्थियों के लिए निर्मित शैक्षणिक वातावरण तथा विभिन्न नवाचारपूर्ण गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ उनके कला-कौशल, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियां निरंतर संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्कूल की प्रगति के लिए शिक्षकवृंद द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि स्कूल केवल अध्यापन का केंद्र न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम बने।

इस अवसर पर केंद्रप्रमुख मोहन बिसेन, मुख्याध्यापक संदीप तिडके, स्नातक शिक्षिका वर्षा वालदे, सहायक शिक्षक वसंत नाईक, जोहनलाल मलगाम, कु. शीतल खाडे, कु. वैशाली बडे, सौ. विद्या सोनवाने एवं सौ. वैशाली सोनवाने प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अवसर पर स्कूल की ओर से नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी गणेश टाकसाले का स्वागत एवं सत्कार कर उनके आगामी प्रशासनिक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433



**अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर**
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
**एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक**
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754





जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली



**महावीर डेवलपर्स** गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


# स्वतंत्रता दिवस पर पालकमंत्री इंद्रनील नाईक करेंगे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारत के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार, 15 अगस्त 2026 को पुलिस मुख्यालय मैदान, कारंजा (गोंदिया) में सुबह 9.05 बजे ध्वजारोहण एवं परेड का मुख्य शासकीय समारोह आयोजित किया जाएगा।***

इस अवसर पर उद्योग, सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, आदिवासी विकास, पर्यटन तथा मृदा एवं जलसंधारण विभाग के राज्यमंत्री एवं गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक के हाथों ध्वजारोहण किया जाएगा। पालकमंत्री इंद्रनील नाईक मुख्य समारोह में पुलिस परेड का निरीक्षण भी करेंगे, तथा इसके उपरांत परेड की सलामी लेने के साथ ही मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में भी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह, नवीन प्रशासनिक भवन में उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत के हाथों सुबह 7.30 बजे तथा जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी मंदार पत्की के हाथों सुबह 8.15 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। सभी आमंत्रितों से अपील की गई है कि वे राष्ट्रीय पोशाक में समारोह शुरू होने से 20 मिनट पहले अपने निर्धारित स्थान पर बैठ जाएं। सुरक्षा की दृष्टि से अपने साथ किसी भी प्रकार का बैग या अन्य सामान नहीं लाने का भी अनुरोध किया गया है।

मुख्य शासकीय समारोह में सभी नागरिकों को उपस्थित रहने का अवसर मिल सके, इसके लिए अन्य सभी कार्यालयों, संस्थाओं आदि को अपने ध्वजारोहण समारोह सुबह 8.35 बजे से पहले या 9.35 बजे के बाद आयोजित करने का आह्वान जिला प्रशासन ने किया है।

# श्रमिक पत्रकार संघ गोंदिया का सत्कार समारोह 15 अगस्त को, तिलक गौरव पुरस्कार, संपादकीय सहित विभिन्न क्षेत्रों में दिया जायेगा सम्मान..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***समाज के ज्वलंत मुद्दों को सामने लाते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी प्रभावी ढंग से निभाने वाली पत्रकारिता के उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से श्रमिक पत्रकार संघ, गोंदिया की ओर से प्रतिवर्ष सत्कार समारोह आयोजित किया जाता है, इसी क्रम में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति***

में दिए जाने वाले वर्ष 2026 के तिलक गौरव पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक एवं सेवाभावी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों का भी इस अवसर पर सम्मान किया जाएगा। इस वर्ष का 'जीवन गौरव तिलक पुरस्कार' तिरोड़ा के वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागपुरे को प्रदान किया जाएगा।

## राईस मिलर्स एसोसिएशन के सभागार में होगा आयोजन..

### श्रमिक पत्रकार संघ अध्यक्ष अल्ताफ शेख एवं सदस्यों ने की भव्य उपस्थिति की अपील..

पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके लंबे योगदान के सम्मानस्वरूप यह पुरस्कार घोषित किया गया है। उत्कृष्ट छायाचित्र पुरस्कार वन विभाग की आरती फुलके, जबकि उत्कृष्ट समाचार पत्र विक्रेता पुरस्कार राजेश वैद्य, स्व. मनोहरभाई पटेल स्मृति संपादकीय पुरस्कार 'जगप्रेरणा' के संपादक आशीष वर्मा, स्व. स्वा. से. हिरालाल जैन स्मृति उत्कृष्ट विकासवार्ता पुरस्कार संतोष बुकावण, स्व. संतोष अग्रवाल स्मृति खोजवार्ता पुरस्कार पवन पाथोडे को घोषित किया गया है। इसी प्रकार स्व. रामकिशोर कटकवार स्मृति वृत्तवाहिनी पुरस्कार 'एबीपी माझा' के जिला प्रतिनिधि देवेंद्र रहांगडाले को प्रदान किया जाएगा। सभी पुरस्कार शनिवार, 15 अगस्त को राइस मिलर्स एसोसिएशन के सभागृह में दोपहर 12 बजे आयोजित समारोह में प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा।

कक्षा 12 वीं के जान्हवी चिचमकर, निधि कोरे और सुयश बोरकर, जबकि कक्षा 10वीं के अवनी चौहान, खुशी सुखदेवे और आस्था नागपुरे को सम्मानित किया जाएगा। सेवाभावी कार्य के लिए कृषि रत्न पुरस्कार रतनभाऊ बघेले, सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए नरेंद्र हिंगे तथा उल्लेखनीय कार्य के लिए निसर्ग फाउंडेशन का सम्मान किया जाएगा। चिकित्सा सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. देवाशिष चटर्जी, डॉ. शिरीष रत्नपारखी, डॉ. दीपक बाहेकर और डॉ. राजेंद्र जैन को भी सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष हाजी अल्ताफ शेख करेंगे। पत्रकारों से बड़ी संख्या में प्रवेशिकाएं प्रस्तुत कर पुरस्कार प्रक्रिया में सहभागी बनने का आह्वान सचिव संजय राऊत के साथ हरीश मोटघरे, सुरेश येडे, रवि सपाटे, महेंद्र बिसेन, नवीन अग्रवाल, नवीन दहिकर और महेंद्र माने ने किया है।**

# अस्पृश्यता के विरोध में गोंदिया में जिला कांग्रेस कमेटी का सत्याग्रह आंदोलन आज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी, उत्तराखंड में आयोजित सभा के बाद, उस स्थान पर हिंदुत्ववादी दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा गंगाजल से शुद्धिकरण का अनुष्ठान किया***

गया। अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय बात यह है कि यह कृत्य इस आधार पर किया गया कि मल्लिकार्जुन खड़गे के उस सभा में उपस्थित होने से वह स्थान अपवित्र हो गया था। यह शर्मनाक और प्रतिगामी कार्य केवल कांग्रेस अध्यक्ष का ही नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की गरिमा तथा समानता, बंधुत्व, सामाजिक न्याय और मानवीय सम्मान जैसे संविधान प्रदत्त मूल्यों का भी अपमान है। भारतीय संविधान पर आधारित लोकतांत्रिक समाज में इस प्रकार की भेदभावपूर्ण प्रथाओं और संकीर्ण मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। भेदभाव, अस्पृश्यता अथवा संविधान द्वारा प्रदत्त सम्मान और समानता को कमतर आंकने के किसी भी प्रयास को कांग्रेस पार्टी और देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। इसी दृढ़ और स्पष्ट संदेश को देने के लिए हम सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराएंगे, इस बात की जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े ने जगप्रेरणा को दी, तथा कहा कि 14 अगस्त 2026 दिन शुक्रवार को सायं 5:00 बजे, गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के समीप सत्याग्रह आंदोलन आयोजित किया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े ने समस्त कांग्रेसजनों से इस अस्पृश्यता के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन में समस्त कांग्रेसजनों से शामिल होने की अपील की है।

## जगप्रेरणा - निधन वार्ता..

# गोंदिया विधानसभा ग्रुप के विजय अग्रवाल की माताजी का दुखद निधन..

## आज होगा अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी तथा गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विकास में प्रतिबद्धता के साथ योगदान देने वाले सोशल मीडिया ग्रुप गोंदिया विधानसभा ग्रुप के प्रमुख एडमिन एवं दवा व्यवसायी विजय अग्रवाल की माताजी श्रीमती कमला देवी धर्मपत्नी स्व. श्री नत्थूलाल जी अग्रवाल (देना बैंक वाले) का 82 वर्ष की उम्र में आज 13 अगस्त 2026 को दुखद निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल एवं विजय अग्रवाल एवं नाती पोतों संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। श्रीमती कमलाबाई अग्रवाल के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज 14 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे उनके गणेश नगर, रामद्वारा के सामने, स्टेट बैंक कॉलोनी रोड निवास से स्थानीय मोक्षधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

# आदिवासी विकास मंत्री के इस्तीफे के साथ 5 अगस्त का छात्र विरोधी जीआर रद्द करें अन्यथा उग्र आंदोलन..

## आदिवासी छात्र संघ और आदिवासी पीपल फेडरेशन ने सौपा ज्ञापन



जगप्रेरणा गोंदिया।

गढ़चिरौली जिले के आश्रम स्कूल में सांप के काटने से छात्रा की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राज्य के आदिवासी विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए, इस प्रमुख मांग को लेकर आदिवासी छात्र संघ गोंदिया और आदिवासी पीपल फेडरेशन गोंदिया की ओर से आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री माननीय देवेंद्र फडणवीस को सौंपे गए ज्ञापन में संगठनों ने दिनांक 05 अगस्त 2026 को सरकार द्वारा जारी छात्र विरोधी शासनादेश (जीआर) को तुरंत वापस लेने की भी पुरजोर मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि इस जीआर के कारण आदिवासी छात्रावासों और आश्रम स्कूलों के छात्रों के साथ अन्याय होगा। आदिवासी पीपल फेडरेशन के जिलाध्यक्ष करण टेकाम ने कहा, सरकार को आदिवासी छात्रों की जान की कोई परवाह नहीं है। आश्रम स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं नहीं होने के कारण तीन बच्चियों की जान चली गई। जिम्मेदार मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना ही चाहिए। यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो पूरे जिले के आश्रम स्कूलों, छात्रावासों सहित संपूर्ण आदिवासी समाज सड़कों पर उतरेगा। इस अवसर पर घनश्याम तोडसाम, प्रो. नीलकंठ चिचाम, ललिता ताराम, प्रमिला सिंद्रामे, दिलेश्वरी मरसकोल्हे, एड. विवेक धुर्वे, नृतनाथ दिहारी, एच. सी. भोयर, कोल्हारे सर, विनोद पंधरे, डुमेंद्र फरदे, देवेंद्र मरसकोल्हे, यद्यराज कुंजाम, मनोज इलपाचे, प्रफुल प्रधान, निलिमा कुलसुंगे, ममता नाईक सहित सैकड़ों छात्र और आदिवासी भाई उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हाथों शहर में अनेक स्थानों पर ध्वजारोहण..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हाथों शहर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के***

अनुसार सुबह 7.55 बजे सुभाष चौक, विमलताई स्कूल के पास, कटंगी, 8.10 बजे साईनगर मरारटोली, टी-पॉइंट चौक, 8.20 बजे श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल, 8.45 बजे छोटा गौरीनगर, 9.00 बजे राजीव गांधी चौक, पुलचूर नाका, 9.15 बजे टैक्सी यूनियन जयस्तंभ चौक, 9.25 बजे नीरानी चौक, गौतम नगर तथा 9.45 बजे श्रीराम चौक सर्विस ग्राउंड में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10.00 बजे गांधी प्रतिमा चौक, 10.15 बजे शहीद भोला कांग्रेस भवन, 10.30 बजे नेहरू चौक, 10.40 बजे राधाकृष्ण चौक, छोटा गोंदिया, 10.50 बजे बसंतनगर, 11.00 बजे राजीव गांधी चौक, कालेखां चौक, 11.10 बजे वल्लभभाई पटेल चौक, राजलक्ष्मी चौक, 11.20 बजे रामनगर बाजार चौक तथा 11.30 बजे शक्ति मंदिर चौक, सूर्याटोला में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हाथों ध्वजारोहण संपन्न होगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराड़े, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक चौधरी तथा कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष जमीलभाई पठान, कांग्रेस गटनेता राकेश ठाकुर, सिताराम अग्रवाल, श्यामका सर, पार्षद सुनिल भालेराव, पार्षद विजय रगडे, पार्षद अमर रंगारी, पार्षद चंद्रकुमार चुटे, पूर्व युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष बाबा बागडे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमन राघोटिया, मनोज पटनायक, अर्जुन नागपुरे, श्रीकांत चांदुरकर, आलोक मोहंती, संदीप राहंगडाले, विनोद बिसेन, महेश बंसाड़े, संजु माने, पुरनलाल पाथोडे, अशोक लिचडे, कृष्णा बावणे, महेश माधवानी, उमेश शुक्ला, विष्णु नागरीकर, हर्षद चुटे, महबुब भाई, इकबालभाई सैयद, अमर राऊत, अंकीत जैन, यशपाल डोंगरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# गोंदिया शहर पुलिस ने मोटर साइकिल चोर से चोरी की गई दो मोटर साइकिलें की बरामद..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया शहर पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई दो टीवीएस ज्यूपिटर मोटर साइकिलें बरामद की हैं। शिकायतकर्ता डॉ. अंकित सुधीर शहारे (34), निवासी सिविल लाइन, गोंदिया ने गंगाबाई अस्पताल, गोंदिया में अपनी ग्रे रंग की टीवीएस ज्यूपिटर मोटर साइकिल खड़ी की थी। जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये थी। अज्ञात चोर ने 5 अगस्त 2026 की रात 8 बजे से 6 अगस्त की सुबह 8 बजे के बीच चोरी कर ली थी। शहर पुलिस थाने में 8 अगस्त को अपराध क्रमांक 620/2026, धारा 303 (2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में गोंदिया शहर पुलिस थाने की डी.बी. टीम 11 अगस्त को आरोपी की तलाश में क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि गौरव उर्फसलमान नरेश शर्मा (27), निवासी झोपड़ी मोहल्ला, यादव चौक, गोंदिया ने उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने गोंदिया शहर पुलिस थाने के अपराध क्रमांक 620/2026 के अलावा अपराध क्रमांक 457/2026, धारा 303(2) भा.न्या.सं. 2023 में भी टीवीएस कंपनी की ज्यूपिटर मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर दोनों मामलों में चोरी गई दो टीवीएस ज्यूपिटर मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गईं। इस कार्रवाई में आरोपी गौरव उर्फ सलमान नरेश शर्मा के कब्जे से दो टीवीएस ज्यूपिटर दोपहिया वाहन जब्त किए गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, पुलिस उप-अधीक्षक एवं उपविभागीय पुलिस अधिकारी गोंदिया सुनील दरेकर तथा गोंदिया शहर पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में सफौ कवलपालसिंग भाटिया, पुलिस हवलदार सतीश शेंडे, सुदेश टेंभरे, निशिकांत लॉदासे, दीपक रहांगडाले, पुलिस शिपाई दिनेश बिसेन, सुभाष सोनवाने, अशोक रहांगडाले, कुणाल बारेवार, मुकेश रावते, सोनू नागपुरे, प्रमोद शेंडे, अजय बोपचे और राकेश बंजारे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गरिमा महिला संगठन ने आयोजित किया सावन मेला, तरह तरह के लगाए स्टाल..




जगप्रेरणा गोंदिया।

सूर्याटोला क्षेत्र के मां तुलजा भवानी मंदिर परिसर में गरिमा महिला संगठन द्वारा दि. 9 अगस्त को महिलाओं का सावन मेला आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं ने तरह तरह के व्यंजनों के स्टाल लगाए एवं महिलाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी से एक दूसरे को अवगत कराया। इस अवसर पर बतौर प्रमुख अतिथि प्रभाग 7 की महिला पार्षद सौ. कल्पना ताई बन्सोड़ एवं सौ. उषाताई कठाने उपस्थित थी जिन्होंने दीप प्रज्वलित एवं माँ तुलजा भवानी की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा पूजन कर मेले का शुभारंभ किया।

अतिथि स्वागत कुंदाताई खरकाटे, एकेश्वरी तावाड़े, माधुरी कनोजे ने किया। मेले में महिलाओं एवं आगंतुकों के लिये व्यंजनों के विविध स्टाल जैसे गरमागरम पकौड़े, गुलाब जामुन, पानीपुरी, बेर, दही बड़े, ज्वेलरी, साड़ियां, मिट्टी के बर्तन, कास्मेटिक काकरी स्टाल, होममेड सामग्रियां, सेनीटरी पैड, रेडीमेड कपड़े, आयुर्वेदिक उत्पाद आदि के स्टाल लगाए गए। जिसका उपस्थितों ने भरपूर लुत्फ़ उठाया। मेले मे सहभागी समस्त महिलाओं का पुष्प प्रदान कर अभिनन्दन किया गया तथा उनके लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन कर पुरस्कृत किया गया। खेलों का संचालन सौ. वर्षा मानकर एवं सौ. धनंजयी काकड़े ने अपने विशेष अंदाज में किया। बच्चों के लिए विठ्ठल रुखमाई वेशभूषा स्पर्धा रखी गई जो आकर्षण का केंद्र रही।कार्यक्रम की रिसपान्सर झुब्बा डांस मैडम, कठाने मैडम ने बच्चों का परिणाम घोषित कर उन्हें पुरस्कार प्रदान किये। संगठन की महिलाओं के लिए चिट्ठी निकाल कर प्रतियोगिता में सहभाग का आयोजन भी हुआ जिसमें भक्ति, देशभक्ति गीत एवंम उटाने आदि में महिलाओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। महिलाओं की आंतरिक सुरक्षा हेतु सेनीटरी पैड की उपयोगिता की जानकारी भी दी गई। बच्चों की दिमागी कसरत, विठ्ठल रुखमाई के भजनों पर मृदंग की ताल पर महिलाओं का दिन्डी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। आयोजन में स्टाल लगाने वाली महिलाओं ने चिट्ठी निकाल कर लक्की वुमन ड्रा भी निकाला जिसमें सौ. सारिका वाघाये एवं सौ. गीता मेश्राम को पुरस्कार दिये गये। संचालन सौ. प्रीति काळे, व सौ. मंजू नखाते ने किया! आभार सौ. प्रीति केसलकर ने माना। संगठन की अध्यक्षा मौसमी भालाधरे, उपाध्यक्ष मंजू नखाते, सचिव वर्षा मानकर, सहसचिव गीता मेश्राम, कोषाध्यक्ष धनंजयी काकड़े, सलाहकार प्रीति काळे, संचालिका प्रीति केसलकर,तथा सदस्यों में सायली चौरे,माधुरी कनोजे, कुंदा खरकाटे, एकेश्वरी तावाड़े, अंजलि पानतावणे, किरण उके, आंचल राहांगडाले, किरण जायसवाल, मिनाक्षी कनोजे,कांचन कोल्हे, रेखा बनोठे,दीपाली निम्बार्ते,शिल्पा तामशेटवार, सुनीता चव्हाण, रेशमा रेहमान, प्रियंका लांजेवार, शालिनी गुड़ीकर, वर्षा भोयर, भारती सोनवाने, मनीषा लामटे सहित बड़ी संख्या में परिसर की महिलाओं बच्चों ने सावन मेले का आनंद उठाया एवं सहयोग प्रदान किया।


दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
**रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस**


उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com